कोशिश एक ऐसी शुरुआत है, जो आपको कामयाबी तक पहुंचा देती है। निरंतर सकारात्मक कर्म करते रहिए...

yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
# यश भारत
नये जमाने के साथ..
● वर्ष- 17 अंक 178 ● कटनी ● रविवार, 30 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास शुक्ल पक्ष 14 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935



खेल गांव में नहीं... पेज 7

### आज का मौसम

आज सुबह का तापमान 25.2 डिसे

दोपहर 12 बजे तक 30. डिसे

बारिश के आसार

## » न्यूज गैलरी

### पीएसएलवी-सी 56 रॉकेट से सिंगापुर के 7 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

भारत ने रविवार को सिंगापुर के डीएस-एसएआर उपग्रह समेत सात उपग्रहों को पीएसएलवी-सी56 रॉकेट से सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में भेज दिया। लांचिंग के बाद इसरो ने बताया कि मिशन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। क्क्स्र्ङ्क-ष्ट56 ने सभी सात उपग्रहों को उनकी कक्षाओं में सटीक रूप से प्रक्षेपित कर दिया है। इससे पहले शनिवार को प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शुरू हो गई। प्रक्षेपण सुबह 6.30 बजे इसरो के श्रीहरिकोटा से किया गया। अन्य छोटे उपग्रहों में वेलोक्स एएम, आर्केड, स्कूब- ह्यद्य, नूलियोन, गेलेसिया- 2 और ओआरबी- 12 स्ट्राइडर शामिल हैं। पीएसएलवी-सी56 न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड का मिशन है, जो इसरो की वाणिज्यिक शाखा है। यह मिशन 2023 में इसरो का तीसरा वाणिज्यिक मिशन रहा। इसरो ने इससे पहले मार्च में एलवीएम3 राकेट से ब्रिटेन के वनवेब से संबंधित 36 उपग्रहों को प्रक्षेपित किया गया था। इसके बाद अप्रैल में पीएसलएलवी राकेट से सिगापुर के दो उपग्रहों को प्रक्षेपित किया गया था।

### इंदौर संभाग के 50 हजार कार्यकर्ताओं को आज जीत का मंत्र देंगे अमित शाह

इंदौर ● ईएमएस
yashbharat.co.in

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इंदौर में आज संभागीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देंगे। इसमें इंदौर संभाग के नौ जिलों के 186 मंडल अध्यक्ष, 10311 बूथ अध्यक्ष सहित करीब 50 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। सभी कार्यकर्ताओं के लिए बसों का इंतजाम किया गया है। कनकेश्वरी धाम में होने वाले सम्मेलन की तैयारी की जानकारी देते भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि संभाग के जिलों से 15 हजार कार्यकर्ता पहुंचेंगे, जबकि जिले की नौ विधानसभा से 35 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। आयोजन स्थल पर दो वाटरप्रूफ डोम बनाए गए हैं, इसी के आसपास के एक किमी हिस्से में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। सम्मेलन में शामिल होने के बाद वे भगवान परशुराम की जन्म स्थली जानापाव भी जाएंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के बाद शाह होटल मैरिएट में संभाग के नेताओं के साथ चर्चा भी करेंगे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल

# दमोह जिले के 665 गांवों के लिए जीवनदायी बनी सतधरू परियोजना

अभिनव सिंह गौतम, ब्यूरो चीफ
दमोह ● यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर दमोह जिले के गांवों के रहवासियों को बड़ी सौगात मिली है। अब गांववासियों को भरपूर पानी मिलेगा। दमोह जिले के 665 गांवों के लिए सतधरू परियोजना जीवनदायी बन गई है, जिनमें से अभी 485 गांव की टेस्टिंग शुरू हो गई है और 325 गांव में नियमित पानी मिलने लगा है। शेष गांवों में जल्द पानी पहुंच जाएगा। विदित हो कि दमोह जिले के 665 गांव में से कुछ गांव ऐसे हैं जहां पर गर्मी के दिनों में भीषण जल संकट हुआ करता था लेकिन मध्यप्रदेश सरकार के अथक प्रयासों और सतधरु परियोजना के तहत अब गांववासियों के घरों में पानी पहुंच रहा है । सतधरू परियोजना दमोह जिले के लिए जहाँ एक ओर पानी आमजनों को घर-घर पर मिलेगा वही 7500 हेक्टेयर क्षेत्र में सिचाई के लिएभी उपलब्ध होगा। पानी पहुंचने के बाद यहां के रहवासियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### 485 गांवों हुई टेस्टिंग, 325 गांवों में मिलने लगा पानी, शेष गांवों में जल्द मिलेगा पानी





यश भारत एक्सक्लूसिव

### सीतानगर बांध से भी पहुंचेगा पानी

विगत वर्ष तक गांवों में पेयजल की समस्या थी। गांववासी कुप्पों से पानी लेकर जाते थे, वह इस वर्ष कहीं भी दिखाई नहीं देगा। इस तरह से पेयजल पहुंचाने मे बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जिले में कराया जा रहा है वह अतुलनीय कार्य है, यह जिले की सबसे बड़ी योजना है। जिले के जो शेष ग्राम बच रहे हैं वह सीता नगर बांध से योजना स्वीकृत होकर उसका कार्य प्रारंभ हो गया है। मार्च 2025 तक जिले के सभी ग्रामों में मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा शुद्ध पेयजल का लाभ दिया जा सकेगा।

### यहां भी मिली राहत...

दमोह जिले की तहसील तेन्दूखेड़ा के वनांचल ग्राम सेलवाड़ा और पिपरिया टीकाराम में पीने के पानी की समस्या हमेशा बनी रहती थी, पहाड़ी क्षेत्र होने से जमीन के अंदर पानी भी नहीं मिलता था, ग्रामवासी काफी परेशान रहते थे, दूर-दूर तक पानी लेने जाना पड़ता था। लेकिन अब सतधरू बांध के बन जाने से ग्रामीणों को पेयजल की काफी सुविधा हो गई है। शासन ने जल निगम के माध्यम से घर-घर जल पहुंचाने का संकल्प लिया और उसे पूरा भी किया है, अब घर-घर पानी पहुंचने लगा है।



## अहमदाबाद के अस्पताल में लगी आग 100 मरीजों को सुरक्षित निकाला गया

अहमदाबाद ● ईएमएस
yashbharat.co.in

अहमदाबाद के साहिबबाग इलाके में स्थित राजस्थान अस्पताल में के बेसमेंट में यह आग लगी है। अस्पताल के बेसमेंट में सुबह करीब साढ़े चार बजे यह आग लगी। आग लगने के बाद पूरे बेसमेंट में धुंआ भर गया। अस्पताल से एहतियातन 100 मरीजों को सुरक्षित निकाला गया। अग्निशमन अधिकारी जयेश खादिया ने बताया कि राजस्थान अस्पताल के बेसमेंट में आग करीब सुबह साढ़े चार बजे लगी। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। अस्पताल में कुछ पुनर्निर्माण का काम चल रहा था। आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मरीजों को भी सुरक्षित निकाल लिया गया है। 20-25 अग्निशमन कर्मी मौके पर मौजूद हैं और आग को नियंत्रित कर लिया गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आगे हॉस्पिटल के बेसमेंट में लगी।



### नहीं निकल पाया धुआं

बेसमेंट धुआं लगने के बाद एक ब्लास्ट हुआ। इसके बाद स्थिति बिगड़ गई। धुएं के ऊपर की तरफ जाने के चलते मरीजों को दिक्क्त हुई। बचाव कार्य में रोबोट का भी इस्तेमाल किया जा रहा हो। अहमदाबाद के डीसीपी ट्रैफिक सफीन हसन भी मौके पर पहुंचे है। अस्पताल में आग सुबह सा? चार बजे के करीब लगी। इसके बाद 22 दमकल अस्पताल के रवाना की गई। अस्पताल में सही वेंटीलेशन नहीं होने के कारण बचाव कार्य में दिक्कत आई।

कमलनाथ का मणिपुर हिंसा पर बड़ा बयान

## बोले- वहां लड़ाई आदिवासी और गैरआदिवासियों में, ये फैली तो सोचिए देश में क्या होगा

इंदौर ● ईएमएस
yashbharat.co.in



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और राज्यसभा सदस्य व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह रविवार सुबह इंदौर पहुंचे। इंदौर में कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला द्वारा आयोजित भगवान भोलेनाथ के महारुद्राभिषेक में शामिल हुए। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कमलनाथ को हनुमान प्रतिमा और गदा भेंट की। इस दौरान कमलनाथ ने कहा कि मैं सरकार की बनाई योजना पर भरोसा नहीं करता। कार्यक्रम के दौरान एक महिला ने कमलनाथ से मणिपुर की घटना को लेकर सवाल किया। इस पर कमलनाथ ने कहा कि मणिपुर का सोर्स क्या है। हमारी संस्कृति जोड़ने की संस्कृति है लेकिन वो खतरे में है। तमिलनाडु में भाषा का विवाद है। इन सभी चीजों की शुरुआत मणिपुर से हुई है। कमलनाथ ने कहा कि आज आदिवासी और नॉनआदिवासी की लड़ाई कराई जा रही है।

## पीएम मोदी बोले- आपदाओं के बीच भी एक बार फिर सामूहिक प्रयास की शक्ति सामने आई

### पीएम मोदी के रेडियो प्रोग्राम मन की बात का 103वां एपिसोड

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मासिक रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 103वां एपिसोड की शुरुआत देशभर में सामने आ रही प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति से की। मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि स्थानीय लोगों ने, हमारे ह्ष्ठक्रस्न के जवानों ने, स्थानीय प्रशासन के लोगों ने, दिन-रात लगाकर ऐसी आपदाओं का मुकाबला किया है. किसी भी आपदा से निपटने में हमारे सामर्थ्य और संसाधनों की भूमिका बड़ी होती है- लेकिन इसके साथ ही, हमारी संवेदनशीलता और एक दूसरे का हाथ थामने की भावना, उतनी ही अहम होती है. सर्वजन हिताय की यही भावना भारत की पहचान भी है और भारत की ताकत भी है। मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि बारिश का यही समय 'वृक्षारोपण' और 'जल संरक्षण' के लिए भी उतना ही जरुरी होता है. आजादी के 'अमृत महोत्सव' के दौरान बने 60 हजार से ज्यादा अमृत सरोवरों में भी रौनक बढ़ गई है. अभी 50 हजार से ज्यादा अमृत सरोवरों को बनाने का काम चल भी रहा है. हमारे देशवासी पूरी जागरूकता और जिम्मेदारी के साथ 'जल संरक्षण' के लिए नए-नए प्रयास कर रहे हैं. मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि बीते कुछ दिन प्राकृतिक आपदाओं के कारण चिंता और परेशानी से भरे रहे हैं. यमुना समेत कई नदियों में बाढ़ से कई इलाकों में लोगों को तकलीफ उठानी पड़ी है. पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की घटनाएं भी हुई हैं।

## पेट्रोल-डीजल के दाम 10 रुपए लीटर घटाने की गुंजाइश, 1 साल में कच्चा तेल 15% सस्ता

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

नई दिल्ली, एजेंसी। पेट्रोल-डीजल के दाम 10 रुपए लीटर तक घटाए जा सकते हैं। इसकी वजह एक साल में कच्चे तेल के दाम में आई 15त्न की गिरावट है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने आखिरी बार अप्रैल 2022 में पेट्रोल-डीजल के दाम घटाए थे। अभी देश के ज्यादातर हिस्से में पेट्रोल 100 रुपए और डीजल 90 रुपए प्रति लीटर से ऊपर है। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक, 1 अप्रैल 2014 को दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 72 रुपए और डीजल की कीमत 55 रुपए प्रति लीटर थी। तब कच्चे तेल की कीमत 105 डॉलर प्रति बैरल थी। लेकिन आज कच्चे तेल की कीमत घटकर 83 डॉलर प्रति बैरल हो गई है।

हाईकोर्ट का अनोखा फैसला

## झगड़ा करने वाले दो परिवारों को 400 पेड़ लगाने का आदेश

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in



दिल्ली हाई कोर्ट ने मामूली बात पर झगड़ा करने वाले दो परिवारों के सदस्यों को अपने-अपने इलाकों में दो-दो सौ पौधे लगाने का निर्देश दिया है, ताकि वे समाज में योगदान देकर अपनी च्च्नकारात्मक उर्जाज्ज खत्म कर सकें। अदालत ने कहा कि दोनों पक्षों को पौधे लगाकर पांच साल तक उनकी देखभाल करनी है। अदालत ने इसके साथ ही जानबूझकर चोट पहुंचाने, चोट पहुंचाने की तैयारी से घर में घुसने, हमला करने या गलत तरीके से रोकने, आपराधिक धमकी देने और गैर-इरादतन हत्या के प्रयास के आरोप में दर्ज दो आपराधिक मामलों में कार्यवाही रद्द कर दी। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा ने कहा, हालांकि, मेरा मानना है कि (संबंधित) पक्षों को समाज में योगदान देने का निर्देश देकर उनकी नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त किया जाना चाहिए। इसलिए, दोनों मामलों में याचिकाकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में दो-दो सौ पेड़ लगाने का निर्देश दिया जाता है। जांच अधिकारी (आईओ) बागवानी विभाग से परामर्श के बाद जगह की पहचान करके याचिकाकर्ताओं को 15 दिन पहले सूचित करेंगे। अदालत ने कहा कि जांच अधिकारी पौधों की जियो-टैगिंग की संभावना भी तलाशेंगे। अदालत ने मामले में नवंबर में अनुपालन रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया है। FI में शिकायतकर्ता ने कहा कि मामला 4 मार्च, 2017 का है, जब एक परिवार के तीन सदस्य उसके घर आए और कंबल देने के लिए उनकी आईडी मांगी, जिसे एक राजनीतिक दल के उम्मीदवार द्वारा वितरित किया जाना था। शिकायतकर्ता के मुताबिक तीनों दूसरी विचारधारा वाले राजनीतिक दल के समर्थक थे, इसलिए उनसे विवाद हो गया और बाद में दोनों पक्षों के बीच लड़ाई हो गई।

### बेरहम बारिश : हिमाचल में 187, तेलंगाना में 18 की मौत

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

इस साल मानसून सीजन में कई राज्यों में भारी तबाही मची है। हिमाचल प्रदेश में अब तक 187 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं तेलंगाना में एक हफ्ते में 18 लोगों की मौत हो गई। तेलंगाना में करीब 12,000 लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। वहीं शनिवार को जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के एक गांव में बादल फट गया। जिससे सात घर, एक मस्जिद और दो स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए। उधमपुर में अचानक बाढ़ आने से नाले पर बना एक फुटब्रिज टूट गया।उत्तर भारत के राज्यों दिल्ली, पंजाब, हिमाचल और चंडीगढ़ के बाद पूर्वी राज्यों में भारी बारिश की संभावना है। अगले पांच दिनों के लिए 6 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। यूपी बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में 29, 30 और 31 जुलाई को तेज बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं अगस्त के पहले हफ्ते में भी पूर्वी राज्यों में सूखे से निजात मिलेगी।

## आशा-उषा कार्यकर्ताओं का मानदेय अब 6 हजार

### मुख्यमंत्री बोले-लाड़ली बहना योजना में भी शामिल करेंगे, 5 लाख के हेल्थ इंश्योरेंस की भी घोषणा

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

मध्यप्रदेश की आशा-उषा कार्यकर्ताओं के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कई घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा, च्आशा-उषा कार्यकर्ताओं का मानदेय अब 2 हजार की जगह 6 हजार रुपए होगा। 5 लाख रुपए का हेल्थ इश्योरेंस भी दिया जाएगा। इसके साथ ही मानदेय में हर साल 1 हजार रुपए बढ़ाए जाएंगे ताकि बहनों को कोई दिक्कत नहीं हो। मुख्यमंत्री ने भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर शनिवार को आयोजित आशा-उषा कार्यकर्ताओं की महापंचायत को संबोधित किया। उन्होंने कहा, च्एसीएस यहां बैठे हैं। मैं इनको निर्देश देता हूं कि इंटेंसिव की प्रक्रिया को सरल किया जाए। इसे जिला स्तर पर नहीं बल्कि ब्लॉक स्तर पर ही किया जाए। जितनी मेहनत ये बहनें करती हैं, उसका पारिश्रमिक तो ढंग से मिले। रिटायरमेंट के बाद एक लाख रुपए दिए जाएं ताकि ये अपने भविष्य के लिए परेशान न हों।



#### सेवानिवृत्ति की आयु अब 62 साल

मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा, च्मानवीयता के नाते अब ऐसी व्यवस्था बनाएंगे कि आशा-उषा को आकस्मिक अवकाश की सुविधा मिले। आकस्मिक अवकाश जल्द ही सुनिश्चित हो जाएगा। इसके अलावा सभी आशा-उषा बहनों को लाड़ली बहना योजना में भी शामिल किया जाएगा। 5 लाख रुपए के दुर्घटना और स्वास्थ्य बीमा की भी सुविधा दी जाएगी। आशा बहनों और पर्यवेक्षकों की सेवानिवृत्ति 60 साल से बढ़ाकर 62 साल में की जाएगी।

#### घट रही मातृ और शिशु मृत्यु दर

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में मातृ और शिशु मृत्यु दर लगातार कम हो रही है। मातृ मृत्यु दर 498 से घटकर 173 रह गई है। शिशु मृत्यु दर 82 से घटकर 43 रह गई है। नेशनल हेल्थ सर्वे स्कीम में प्रदेश से 60 प्रतिशत बच्चे कम वजन के पाए गए थे, लेकिन नेशनल फैमिली हेल्थ-पाँच सर्वे में घटकर केवल 33 प्रतिशत रह गए हैं। अति गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या घटकर 12.6 से 6.5 प्रतिशत रह गई है।

#### मुख्यमंत्री श्री चौहान की प्रमुख घोषणाएँ

- आशा, ऊषा बहनें और आशा पर्यवेक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से ब?ाकर 62 वर्ष की जाएगी।
- आशा कार्यकर्ता और पर्यवेक्षकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा।
- प्रत्येक आशा और ऊषा बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में सम्मिलित किया जाएगा।
- आशा पर्यवेक्षकों का मानदेय बढ़ाकर 13,500 रूपए किया जाएगा।
- आशा पर्यवेक्षकों के मानदेय में प्रतिवर्ष बढ़ोत्तरी की जाएगी।
- आशा, ऊषा बहनों का मानदेय 2 हजार से बढ़ाकर 6 हजार रूपए किया जाएगा।
- आशा, ऊषा बहनों को मिलने वाले मानदेय में प्रतिवर्ष 1000 रूपए की वृद्धि की जाएगी।
- आशा, ऊषा बहनों तथा आशा पर्यवेक्षकों को सेवानिवृत्ति के बाद एक लाख रूपए दिए जाएंगे।
- आशा, ऊषा बहनों तथा आशा पर्यवेक्षकों को 5 लाख रूपए का चिकित्सा तथा दुर्घटना बीमा करवाकर दिया जाएगा।
- बिना गंभीर लापरवाही के किसी को सेवा से पृथक नहीं किया जाएगा।
- आकस्मिक अवकाश दिया जाएगा।

यशभारत विशेष खबर

अंचल में इको टूरिज्म को मिलेगी नई दिशा

# टाइगर स्टेट : नौरादेही के रिजर्व बनने से संवरेगी हमारी जैव विविधता

-विशाल रजक -
तेन्दूखेड़ा, दमोह ● यशभारत
yashbharat.co.in

देश में बाघों की गणना जारी होने के बाद एक बार फिर से मप्र टाइगर स्टेट बन गया है और अच्छी बात यह है कि 14 साल बाद प्रदेश को मिली इस उपलब्धी में सागर भी शामिल है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वर्ष 2022-23 में की गई बाघ गणना की सूची में नौरादेही के बाघ व बाघिन और उनका कुनबा भी शामिल हैं। क्योंकि कान्हा से आई बाघिन (राधा) और बांधवगढ़ से आया बाघ (किशन) अप्रैल 2018 में नौरादेही में शिफ्ट किया गया था बताया जा रहा है कि यह दूसरी बार है जब बाघ गणना में सागर संभाग का नाम नेशनल लिस्ट में शामिल हुआ है। अब मप्र में 785 टाइगरों की संख्या हो चुकी है और देश में 3682 बाघ है ।



#### अब बुंदेलखण्ड देश का सबसे समृद्ध क्षेत्र

बाघ, वन्यप्राणियों के बीच ऐसा जीव जिसे देखकर भी नई अनुभूति होती है। यही वन्यप्राणी या कहें जंगल का राजा अब बुंदेलखण्ड की नई पहचान होगा। नौरादेही को रानी दुर्गावती अभयारण्य से जोड़कर जल्द टाइगर रिजर्व की शक्ल देने की तैयारी है। केंद्र से इसकी स्वीकृति भी मिल चुकी है। ऐसे में नौरादेही और पन्ना टाइगर रिजर्व को मिलाकर बुंदेलखण्ड बाघों के मामले में देश का सबसे समृद्ध क्षेत्र बन जाएगा। टाइगर रिजर्व और यहां बढने वाले बाघों का कुनबा मप्र में बुंदेलखण्ड के इको टूरिज्म का मेंटर होगा जो अगले दशक तक इस क्षेत्र के विकास को नए आयाम तक पहुंचाएगा।

#### नया स्वरूप लेगा

बुंदेलखण्ड के मुख्यालय सागर सहित पूरे क्षेत्र को बाघों का कुनबा बढने और इको टूरिज्म के विकास का लाभ होगा। नौरादेही- रानी दुर्गावती अभयारण्य की जैव विविधता के बीच टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा इस अंचल में इको टूरिज्म को नई दिशा देने वाले मेंटर होगा। यानि बाघों के सहारे पूरा बुंदेलखण्ड नया स्वरूप लेगा।



#### टाइगर स्टेट में होगी नई पहचान

बुंदेलखण्ड को बाघों ने नई पहचान दी है। पन्ना टाइगर रिजर्व पूरे देश के रिजर्व में सबसे ज्यादा चर्चित है। यहां 80 से ज्यादा बाघ हैं और देश ही नहीं विदेशों से भी सैलानी बाघों की अठखेलियों का आनंद लेने यहां आते हैं। वहीं नौरादेही भी अब टाइगर स्टेट में अपनी नई पहचान गढ़ रहा है। यहां 15 बाघ हैं।

#### *टाइगर कॉरिडोर से जुड़े हैं प्रदेश के चार रिजर्व

टाइगर स्टेट में 7वां रिजर्व बनने जा रहा नौरादेही अभयारण्य प्रदेश के प्रमुख रिजव के बीच प्राकृतिक कॉरीडोर बनाता है। जिससे पन्ना, बांधवगढ़, सतपुड़ा और सिवनी का पेंच रिजर्व आपस में एक-दूसरे से जुड़ता है। यानि नौरादेही उस स्पॉट के रूप में भी विकसित होगा जहां संख्या अधिक होने पर दूसरे रिजव से टाइगरों को शिफ्ट करना आसान होगा।

#### जहरखुरानी के कारण मां बनने की कम थी उम्मीद

वन विभाग के अनुसार 7 साल पहले पेंच अभयारण्य में शिकारियों ने राधा के पूरे परिवार को जहरीला पदार्थ खिलाकर मार दिया था। तब यह बाघिन 6 माह की थी, लेकिन जहर की ज्यादा खुराक नहीं खाने के कारण इसे बचा लिया गया। बाद में दूध की बॉटल के जरिए बाघिन को कान्हा अभयारण्य में पाला गया। बाघिन को नौरादेही लाने के बाद वन विभाग के अधिकारियों बाघिन के शरीर पर जहर के असर को देखते हुए उसके मां बनने की कम उम्मीद थी, लेकिन इसने 2018 में एक साथ तीन शावकों को जन्म देकर यह सिद्ध कर दिया है कि बाघों के लिए नौरादेही उपयुक्त और वहां का वातावरण अनुकूल है

#### संरक्षण- आबोहवा और अनुकूल पर्यावास से बढ़ रही संतति

वर्ष 2018 तक पन्ना को छोड़कर पूरे बुंदेलखण्ड में बाघ का अस्तित्व नहीं था। यहां बाघों की चर्चा कहानियों तक सिमट चुकी थीं। ऐसे में नौरादेही में टाइगर प्रोजेक्ट शुरू होने के साथ उम्मीद जागी बांधवगढ़ और कान्हा से आए बाघ- बाघिन के जोड़ेने नौरादेही को अपना ठिकाना बनाया। यहां के अनुकूल पर्यावास, घने छिछले जंग और पर्याप्त आहार बाघों को संरक्षण दिया। नतीजा अब बाघ- राधा किशन के कुनबे में बाघों की संख्या 15पहुंच गई है। यहां बाघ इतने सुरक्षित हैं कि शिकार की एक भी कोशिश नहीं हुई है। करीब दो माह पूर्व टेरिटोरियल फाइट में बाघ किशन के मारे जाने की घटना को छोड़ दें तो अब तक बाघों में संघर्ष या उनके साथ कोई अप्रिय स्थिति सामने नहीं आई है।

#### फैक्ट फाइल

- टाइगर स्टेट बनने में नौरादेही अभ्यारण के 15 बाघों का भी है योगदान
- 2010 में छिन गया था तमगा
- मप्र में 785 बाघों का बसेरा

#### तीन जिला के 1200 वर्ग किमी में फैला है अभ्यारण्य भेड़ियों का प्राकृतिक आवास है नौरादेही

नौरादेही अभ्यारण्य तीन जिले की सीमा में फैला हुआ है और प्रदेश का सबसे ब?ा अभ्यारण्य कहलाता है बता दें कि नौरादेही वन्यजीव संेचुरी का स्थान सबसे अलग माना जाता है सागर दमोह एवं नरसिंहपुर जिले में फैला है. नौरादेही अभ्यारण्य की स्थापना वर्ष 1975 में की गई थी यह करीब 1200 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला है इस अभ्यारण्य में वन्यजीवों की भरमार है।

# कोविड काल में बंद हुई रेलगाड़ियां अब तक शुरू नहीं हो सकीं, ठगा महसूस कर रहे रेल यात्री

**कटनी, यशभारत।** कोविड काल आया तो सबसे ज्यादा प्रभावित रेल यात्री हुए यूं तो सुरक्षा के कारण कोविड में रेलवे ने ट्रेन परिचालन बंद किया लेकिन अब उस नुकसान की भरपाई आज तक जनता से की जा रही है। इसी हालत में जिले की प्रमुख तहसील रीठी शामिल है जहां कोविड के दौर से बंद रेल संचालन पर किसी का ध्यान नहीं है। कटनी-बीना रेल खंड के रीठी रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ ट्रेनों के ठहराव यात्री परेशान रहे हैं। कटनी में प्लेटफार्म तो बने हैं, लेकिन प्लेटफार्मों पर कभी मूलभूत सुविधाओं का दीदार नहीं हो पा रहा है। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से कुछ ट्रेनों का ठहराव नहीं है। क्षेत्रीय लोगों की मांग के बाद शुरू हुई एक ट्रेन कोरोन काल से गायब हो गई है। संसदीय क्षेत्र खजुराहो व विधानसभा बहोरीबंद-रीठी क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के मुसाफिरों ट्रेन सुविधा के अभाव में है। बताया गया कि रेल प्रबंधन द्वारा कोरोना काल में सभी ट्रेनों को बंद कर दिया गया था। देश में कोविड के बाद दुबारा ट्रेनों का संचालन शुरू किया। सभी ट्रेनों को पूर्व की तरह ही चलाया जा रहा है, लेकिन बहोरीबंद विधानसभा के प्रमुख रीठी रेलवे स्टेशन में रूकने वाली ट्रेनों का समय परिवर्तन कर दिया है। ट्रेनों का स्टापेज खत्म कर दिया है, तो वहीं एक प्रमुख ट्रेन तो पटरी से ही गायब हो गई है।



### विंध्याचल का स्टापेज खत्म

कटनी-बीना रेल खंड के रीठी रेलवे स्टेशन पर रूकने वाली भोपाल-इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस जो रीठी से प्रतिदिन निकल रही, लेकिन विंध्याचल एक्सप्रेस का स्टॉपेज रीठी रेलवे स्टेशन से खत्म कर दिया है। कोविड-19 काल के समय से बंद पड़ी जबलपुर-कोटा एक्सप्रेस को रेलवे ने पटरी से ही गायब कर दिया है। महत्वपूर्ण ट्रेन का कहीं अता-पता नहीं है। कोविड के दौरान बंद हुई सभी ट्रेनों का संचालन प्रारंभ रेल प्रशासन ने कर दिया है, लेकिन बीना, सागर, दमोह, रीठी, कटनी, सलैया ट्रैक की महत्वपूर्ण ट्रेन सुबह के वक्त 10 बजे जबलपुर पहुंचाती थी। आम यात्री, कर्मचारी, अप डाउन कर्मचारी, मजदूर वर्ग, क्षेत्रीय किसान वर्ग, व्यापारी वर्ग और स्कूली छात्र छात्राएं कॉलेज और विद्यालय सुविधाजनक ट्रेन से सफर करते थे।

### कोटा-जबलपुर ट्रेन थी सुविधाजनक साधन

लोगों की मानें तो रीठी रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए कोटा-जबलपुर ट्रेन कटनी और जबलपुर की यात्रा के लिए सबसे महत्वपूर्ण ट्रेन थी, जिससे जबलपुर हाईकोर्ट के लिए, जबलपुर मेडिकल कॉलेज के लिए, जबलपुर कमिश्नर ऑफिस के लिए, जबलपुर संभाग मुख्यालय के अन्य कामों के लिए, शिक्षा, स्वास्थ्य और न्यायालय के लिए जबलपुर एकमात्र ट्रेन सीधी सुविधाजनक साधन था।

### महत्वपूर्ण ट्रेन को रेल प्रशासन ने बंद कर रखा

शाम के वक्त पर जबलपुर से वापसी के लिए भी ट्रेन के आवागमन से सरलता से आम यात्री यात्रा करके जिला मुख्यालय और संभाग मुख्यालय आना-जाना करता थे। महत्वपूर्ण ट्रेन को रेल प्रशासन ने बंद कर रखा है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक का जनता ने कई बार ध्यान आकृष्ट कराया, लेकिन इस और उन्होंने कोई प्रयास नहीं किए, जिससे क्षेत्रीय जनता ठगी हुई महसूस कर रही है।

### मेमो ट्रेनों की भी समय-सारणी किसी काम की नहीं

रेल यात्रियों ने बताया कि कटनी-बीना रेल खंड के रीठी रेलवे स्टेशन पर ठहरने वाली लोकल मेमो ट्रेन की समय-सारणी सही न होने से यात्रियों को सुविधा का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। बीना-कटनी मेमो ट्रेन रीठी से कटनी पहुंचते ही दुबारा दस मिनट के बाद वापस रवाना हो जाती है, जिससे दस मिनट में जिला मुख्यालय गए लोगों के काम नहीं हो पाते। कई यात्रि तो प्लेटफार्म से बाहर भी नहीं निकल पाते और ट्रेने दुबारा वापस रवाना हो जाती है। लोगों का कहना है कि कोविड काल के बाद से कटनी-बीना रेल खंड के रीठी, सलैया, बकलेहटा, हरदुआ, पटौंहा के रेल यात्रियों के लिए ट्रेनों की सुविधाएं टेढ़ी खीर साबित हो रही है। रेल सुविधा यात्रियों के लिए अनुपयोगी होकर रह गई है।

### प्रतिदिन मुहांस मंदिर के लिए आते हैं यात्री

रीठी रेलवे स्टेशन आसपास के जिलों के लिए भी खास माना है। यहां पड़ोसी जिले पन्ना व दमोह के भी कई गांव रीठी रेलवे स्टेशन से जुड़े हुए हैं, समूचे भारत देश में प्रसिद्ध टूटी हड्डी जोड़ने वाले डाक्टर हनुमान जी सरकार के संकटमोचन धाम मुंहास भी दूर-दूर से सैकड़ों लोग ट्रेन से रीठी पहुंचते हैं। यहां से आटो रिक्शा या निजी वाहनों से डाक्टर हनुमान की क्लीनिक संकटमोचन धाम मुंहास मंदिर पहुंचते हैं, लेकिन कोविड काल से रेल प्रशासन बिगड़ी व्यवस्था के चलते मुहांस मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



## सावन में लू का अहसास, उमस ने बढ़ाई बेचैनी, किसान परेशान

**कटनी, यशभारत।** कटनी जिले में पिछले करीब 15 दिनों से जमकर बारिश नहीं हो रही है, जिसके कारण यहां आम जनता के साथ साथ सबसे ज्यादा दिक्कत किसानों को हो रही है, या यूं कहें कि बारिश नहीं होने से उनकी परेशानी बढ़ गई है। जिले में भरे सावन गर्म हवा यूं चल रही जैसे नौतपा चल रहे हैं। उमस ने लोगों को हलाकान कर रखा है। कल कुछ हद तक राहत मिली जब शहर मे बारिश ने जोरदार अहसास कराया पर अब भी आम जन के साथ अब किसान चिंतित होने और व्याकुल भी नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर किसान खेतों में सिर पर हाथ रखकर विलाप करते नजर आ रहे हैं. साथ ही फसलों की ये दुर्दशा देख किसान काफी ज्यादा चिंतित हैं। खेत की हालत देखकर ऐसा लग रहा है कि इस बार धान की फसल बचाना किसानों की चिंता नहीं है, बल्कि धान के बिचड़े को बचाना बड़ी चुनौती बनी हुई है. इसके साथ ही आपको बता दें कि इस बार सीवान में ज्यादा बारिश नहीं हुई है, जिसके कारण जिले में अब तक सामान्य से कम धान की रोपनी हो सकी है। साथ ही वहां के किशन अभी भी बारिश के इंतजार में लगे हुए हैं। कारण यह है कि हर जगह पटवन के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है, वहीं दूसरी ओर नहरों में पर्याप्त पानी नहीं आने से फसल बुआई में भी काफी देरी हो रही है। वहीं, जहां-जहां धान की खेती शुरू हुई है, वहां किसानों ने पंपिंग सेट मशीन और बिजली मोटर से पानी चलाकर धान की रोपाई की है, जिनमें किसानों का अधिक लागत लग गया है। आने वाले दिनों में यह किसानों के लिए बड़ी चुनौती साबित होगी।

## भाजपा खेल प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी घोषित



**कटनी, यशभारत।** खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। खेल प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी में जिला सहसंयोजक शैलेश कुमार श्रीवास्तव, रजत जैन, कार्यालय मंत्री सुधांशु जैन, आईटी प्रभारी आयुष दीक्षित, जिला कार्यसमिति सदस्य शोभित जैन, राहुल गुप्ता, आशीष खेमका, श्याम आहूजा, अनुज जायसवाल, शुभम गुप्ता को बनाया गया है। समस्त नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों ने को भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने जिला कार्यालय में नवीन दायित्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुड़वारा मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार, मंडल उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चनपुरिया उपस्थित रहे।



## कारगिल दिवस पर वीर सपूतों की याद में पौधारोपण

**कटनी, यशभारत।** अखिल भारतीय ब्रह्माण समाज महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राधारानी श्रीमती सावित्री तिवारी के निर्देशानुसार कारगिल दिवस पर वीर जांबाज सपूतों की याद में विभिन्न जिलों में पौधारोपण कार्य किए जा रहें हैं। इसी संदर्भ पर अखिल भारतीय ब्रह्माण समाज महिला मोर्चा कटनी जिले की संभागीय महामंत्री समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी के नेतृत्व में खाली पड़े प्लांटों पर विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फल-फूल गुलाब, बेला जासुन, आम पीपल बरगद नीम आंवला सहित कुछ औषधीय गुणों से युक्त पौधारोपण कार्य दुबे कॉलोनी मोड पर रिक्त स्थान पर अखिल भारतीय ब्रह्मांड समाज महिला मोर्चा जबलपुर संभागीय महिला अध्यक्ष मनीषा प्यासी, गामीण जिलाध्यक्ष रीता दुबे, सौरभ तिवारी मोहन तिवारी, सहित अन्य लोगों की उपस्थित में कारगिल युद्व में शहीद हुए वीर जांबाज सपूतों की याद करते हुए मातृशक्तियों ने अपने- अपने विचार व्यक्त किए।

## निगमायुक्त को जवाब पेश नहीं करने पर पांच लाख कॉस्ट की चेतावनी

### बार-बार अवसर देने के बाद भी कटनी नगर निगम ने कोर्ट में जवाब पेश नहीं किया




**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने कटनी नगर निगम पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी है। दरअसर बार-बार अवसर देने के बाद भी कटनी नगर निगम ने कोर्ट में जवाब पेश नहीं किया था। गुरुवार को कटनी नगर निगम ने एक याचिका की सुनवाई के दौरान जवाब पेश करने समय प्रदान करने का आग्रह किया था। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने अंतिम अवसर प्रदान करते हुए कहा है कि अगली सुनवाई के दौरान जवाब पेश नहीं किया जाता है तो 5 लाख रुपये की कॉस्ट लगाई जाएगी। कटनी निवासी गायत्री सोनी व अन्य की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि नगर सुधार न्यास द्वारा दुगारी नाला स्थित भूमि पर योजना क्रमांक-2 के तहत एक आवासीय कॉलोनी विकसित की जानी थी। नगर सुधार न्यास का साल 1994 में नगर निगम में विलय हो गया। वर्तमान में उक्त क्षेत्र पं. मुंदर शर्मा नगर नाम से प्रचलित है। याचिकाकर्ताओं ने 1994 से वर्ष 2000 के बीच अलग-अलग वर्षों में नगर सुधार न्यास से 30 वर्ष के लिए लीज का रजिस्टर्ड अनुबंध किया था। विलय के बाद भी याचिकाकर्ता लीज रेंट अदा कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अब तक कब्जा नहीं दिया गया। इसके कारण उक्त याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने एकलपीठ को बताया कि कटनी नगर निगम ने कई अवसर दिए जाने के बावजूद भी जवाब पेश नहीं किया है। सुनवाई के बाद एकलपीठ ने उक्त आदेश जारी किए।

## शतरंज संघ की नई कार्यकारिणी गठित

**कटनी, यशभारत।** विगत दिवस जिला शतरंज संघ की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमें संघ के पदाधिकारियों का चयन किया गया। संरक्षक डॉक्टर एस के खंपरिया, अध्यक्ष जेपी निषाद, उपाध्यक्ष सत्यदेव चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार पुरवार, सचिव शेखर वर्मा, सह सचिव श्रीमती शिखा पलटा, सह सचिव विकास साहू, कोषाध्यक्ष सीए श्रीनिकेत खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्यों में सर्वश्री वीरेंद्र ताम्रकार, एडवोकेट दिलीप वर्मा, मोनिका निषाद, हिमानी बजाज, दीपिका पांडे, शशी निषाद, वंदना गेलानी, ओम अग्रवाल चुने गये। संरक्षक डॉक्टर खम्परिया ने कहा की यह नगर के लिए गर्व की बात है कि आज कटनी शतरंज की राजधानी के रूप में प्रदेश शतरंज के क्षितिज पर दैदीप्यमान है। इसलिए नई समिति के ऊपर यह गंभीर उत्तरदायित्व आता है कि शतरंज खेल के इस प्रगतिशील रथ को निरंतर आगे ले जाते रहेंगे।



## बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो सत्तापक्ष को लगेगा जोरदार करंट

**कटनी, यशभारत।** जिले में कुछ दिनों से बिजली कटौती तेजी से बढ़ी है। बिजली विभाग के शिकायती नंबर पर कॉल करें तो कभी कॉल उठता तो कभी नहीं उठता, फोन उठाने के बाद भी अधिकारी गोलमोल जवाब देकर फोन रख देते हैं। बिजली व्यवस्था बंद होने से उनके कारोबार में फर्क पड़ता है, अक्सर देर शाम बिजली बंद होती है और कई घंटे तक नहीं आती, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए दुकान में कर्ज लेकर इनवर्टर लगवाया है। आपको बता दें, साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं और बीजेपी के लिए बिजली कटौती गले की फंस बन गई है। क्योंकि कांग्रेस के समर्थन में अब स्थानीय नागरिक भी दिखाई पड़ रहे है। हालांकि, जिले के जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने बिजली विभाग के आला अधिकारियों को कड़े रुख में समझाइश दी है, लेकिन विभागीय अमले को शायद इससे कुछ खास फर्क नहीं पड़ता। इसलिए देर शाम होते ही 9.43 बजे से बंद हुई बिजली साढ़े 11 बजे तक चालू नहीं हुई, जिससे पूरा शहर अंधेरे में डूबा नजर आया। लोगों की माने तो बिजली बंद होने से चोरी लूट की घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है।

### भारतीय जैन मिलन संस्था के राष्ट्रीय पदाधिकारियों में सुभाष सिंघई एवं सुकीर्ति जैन का मनोनयन

**कटनी, यशभारत।** सकल जैन समाज की राष्ट्रीय संस्था भारतीय जैन मिलन की नवगठित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सुभाष सिंघई सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक कटनी को राष्ट्रीय चेयरमैन स्वास्थ्या शिक्षा एवं सुकीर्ति जैन पूर्व विधायक कटनी को राष्ट्रीय संयोजक जनसंख्या जागरण मनोनीत किया है। भारतीय जैन मिलन देशभर में 1400 शाखाओं एवं अंतर्राष्ट्रीय सात शाखाओं के माध्यम से आपसी बंधुत्व, मित्रता, प्रेम एवं समाज की समस्याओं के प्रति जागरूक होकर सक्रिय रूप से निवारण में प्रयासरत है। स्थानीय दो समाजसेवियों के मनोनयन पर समाजजनों ने प्रशंसा व्यक्त की है।







## कालेज में डिजिटल इंडिया सप्ताह कार्यक्रम पर विडियो कॉन्फ्रेंसिंग

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर के आदेशानुसार गत 25 जुलाई को शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया सप्ताह (25.07.2023 से 31. 07.2023) कार्यक्रम का विडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लाइब वेब प्रसारण प्राचार्य डॉ. आर. के. गुप्ता के मार्गदर्शन में आई.टी. सेल में किया गया। वेब प्रसारण में डिजिटल इंडिया सप्ताह 2023 का शुभारंभ किया गया। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा व्याख्यान दिया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमति रत्नेश कुशवाहा, श्रीमति नम्रता निगम, भीम बर्मन, श्रीमति स्मृति दहायत, आरती वर्मा, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. के. जी. सिंह, डॉ. संजयकांत भारद्वाज, श्रीमति प्रियंका सोनी एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं।

### दिलराज अमर सिंह बने सिख युवा संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश महासचिव



कटनी, यशभारत। युवा सिख संगठन मप्र 1996 के प्रदेश संगठन मंत्री मंत्री सरदार भूपिंदर सिंह तलवार एवं सदस्यता प्रभारी मनिंदर सिंह कोहली की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष सरदार सुरजीत सिंह द्वारा कटनी के युवा समाजसेवी दिलराज सिंह को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। दिलराज सिंह पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के ज़िला सहसंयोजक वर्तमान में भारतीय जानता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं सतना ज़िले के प्रभारी तथा स्वयं सेवी सामाजिक संस्था अहसास वेलफ़ेयर सोसायटी के संस्थापक जैसे कई दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। नियुक्ति पर समस्त सिक्ख युवा संगठन के समाजसेवियों ने शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

## नीलिमा ♥ से

### बारिश का आलम



बड़ी हसरत से ताक रही धरती बादलों की ओर
बादलों ने भेजा संदेश घटाओं संग बरस चहुंओर

पिघल रहा है सोने सा सूरज का दमकता तन
संदली संदली भीग रहा है धरती का कोमल मन

बारिश के आलम में खिल रहे मुरझाए गुल
बहारों ने छेड़ी है फिर एक नयी मनतरंग धुन

अल्हड बूंदों में नज़्म ए साज की होड़ लग गई
कुछ सीप में गिरी और अनमोल मोती बन गई



हवाओं में है बिखरी सोंधी खुशबू की छुअन
बादल बड़ी शिद्दत से बुझा रहे धरती की अगन

सुर सरगम की खनक ले फिर आई पुरवाई
गुलाबी दुपट्टा ओढ़े मधु मालती लहराई इतराई

ढल गया खिजां का मौसम गुलशन गुलजार हुआ
शबनमी चादर ओढ़ धरती का दामन गुलनार हुआ !!!

- नीलिमा पाठक सामंतरे


न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड
1 दिन - 150/-
3 दिन - 250/-
7 दिन - 500/-
15 दिन - 1200/-
30 दिन - 1800/-
साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com



सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज
28 जुलाई से
रोजाना 11 शो
10.15 AM (AUDI-1)
12.30 PM (AUDI-2)
01.15 PM (AUDI-1)
04.15 PM (AUDI-1)
07.15 PM (AUDI-1)
10.00 PM (AUDI-1)
11.30 AM (AUDI-3)
03.00 AM (AUDI-3)
06.00 PM (AUDI-3)
09.00 PM (AUDI-3)
10.30 PM (AUDI-2)





रॉकी और रानी की प्रेम कहानी
कलाकार- रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आजमी, जया बच्चन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830



सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में





ऑल इंडिया रिलीज
28 जुलाई से
रोजाना 2 शो
03.30 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-2)
(ENGLISH)
OPPENHEIMER-2D
(IN HINDI)
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 30 जुलाई 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें

फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296

कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

# या अली..या हुसैन.. की गूंज, देर रात कर्बला में ठंडे हुए ताजिए

## आपसी सद्भाव के बीच शहर में पूरी अकीदत से मनाया गया हुसैन की शहादत का पर्व मोहर्रम

कटनी, यशभारत। या अली...या हुसैन के गगनचुम्बी नारों के बीच मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हुसैन की शहादत के मातमी पर्व मोहर्रम को पूरी अकीदत के साथ मनाया। इस अवसर पर ताजियों और सवारियों का जुलूस परंपरागत ढंग से उल्लासमय वातावरण में निकाला गया। देर रात्रि गाटरघाट कर्बला शरीफ में ताजियों व सवारियों को ठंडा किया गया। मोहर्रम का जुलूस प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ईश्वरीपुरा वार्ड दिलावर चौक स्थित मैदान से शुरू होकर नगर निगम के सामने, थाना तिराहा, सुभाष चौक से होता हुआ मेन रोड में गुलाम भाई के मकान के पास पहुंचा और कुछ देर रूकने के पश्चात वापस शुरू हुआ, जो सुभाष चौक, गांधी द्वार, नगर निगम, मिशन चौक से आजाद चौक होते हुए गाटरघाट कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में शामिल ताजियों और सवारियों को देखने अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। सवारियों के साथ ढोल-नगाड़े भी चल रहे थे। जुलूस में दो दर्जन से अधिक ताजिए एवं सवारियां शमिल थीं।




### आतंकवाद के खिलाफ मुहर्रम का जुलूस

इस बार मोहर्रम पर्व पर पिछले सालों की अपेक्षा ज्यादा उत्साह नजर आया। ताजियों और सवारियों के अलावा इस बार मुहर्रम के जुलूस को आतंकवाद के खिलाफ बताते हुए कहा कि मुहर्रम एक आंदोलन है, भ्रष्टाचार, अत्याचार, अन्याय और बुराईयों के खिलाफ। बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी हाथों में तख्ती और तिरंगा थामे जुलूस में चल रहे थे।

### अकीदतमंदों ने सवरियों के सामने मांगी दुआएं, आतंकवाद के खिलाफ बताया मोहर्रम का जुलूस





सवारियों के आगे करतब दिखाते युवाओं की टोली पैगमबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हुसैन की शहादत को याद करते हुए चल रही थी। अकीदतमंद सवरियों के सामने दुआ मांग रहे थे। जूलूस के मेन रोड पहुंचने के बाद अन्य स्थानों से आई सवारियों ने गश्त की। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और अन्य लोगों की उपस्थिति रही। मोहर्रम पर शहर में जगह-जगह लंगर का भी इंतजाम किया गया था। इसके पहले मोहर्रम की 10 तारीख पर कल शाम दिलावर चौक में सवारियां, अखाड़े व ताजिए एकत्रित हुए। यहां से मोहर्रम का मातमी जुलूस शुरू होकर यासीन होटल, रजा चौक, मौला चौक, नगर निगम के सामने से होता हुआ सुभाष चौक पहुंचा। कमानिया गेट पहुंचकर लगभग 2 घंटे जुलूस रूका रहा। यहां पर अन्य स्थानों से आई



सवारिया भी मोहर्रम के जुलूस में शामिल हुई। इसके उपरांत देर रात जुलूस शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मिशन चौक, आजाद चौक से होते हुए गाटरघाट कर्बला शरीफ पहुंचा, जहां ताजियों और सवारियों को ठंडा किया गया। जुलूस में हजारों लोगों ने शामिल होकर नेकी, सच्चाई, ईमानदारी, मोहब्बत के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। सभी ने जुलूस में शामिल होकर शहीदाने करबला को शिद्दत के साथ याद करते हुए परम्परानुसार या हुसैन, मौला हुसैन के गगन भेदी नारे बुलन्द किये। उलेमाओं की मजहबी तकरीरों में उन्होंने हजरत इमाम हुसैन की पवित्र जीवनी पर प्रकाश डालकर सरदार शहीदाने करबला के सिद्धांतों का अनुसरण करने तथा मानवतावाद का पालन करने शिक्षा हासिल करने का आव्हान किया। जुलूस को शांतिपूर्वक संपन्न कराने पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी पूरे समय चौकस रहे। जुलूस मार्ग से लेकर कर्बला शरीफ पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

### शहर में जगह-जगह लंगर का आयोजन

मोहर्रम पर्व पर मिशन चौक, ईश्वरीपुरा वार्ड सहित पूरा जुलूस मार्ग या..हुसैन के नारों से गूंज रहा था। सब हुसैन की शहादत को याद कर रहे थे। मोहर्रम को लेकर जोश शनिवार की शाम से ही दिख रहा था। मिशन चौक, नगीना मस्जिद, नूरी मस्जिद के पास, नगर निगम के सामने, सुभाष चौक सहित अन्य स्थानों में लंगर का आयोजन किया गया। कटनी सेवा समिति के सदस्यों द्वारा इस वर्ष भी ताजिया विसर्जन में सहयोग प्रदान किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति



जुलूस में महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, समाजसेवी संजीव सूरी, कांग्रेस नेता प्रियदर्शन गौर, मिथलेश जैन, हरिशंकर शुक्ला, विक्रम खंपरिया, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला, रमेश सोनी, पंकज गौतम, इस्तयाक अहमद, गगन तिवारी, गुलाम ख्वाजा नियाजी, शकील अहमद, अतीक अहमद, कैस अहमद, हाजी अब्दुल कादिर मुन्ना भाई, मो हारिस, मुश्ताक खान, नासिर खान, आदिल अहमद, तनवीर खान, नाजिम खान, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष मो. अजहरुद्दीन खान अज्जू, उपाध्यक्ष हुसैन बक्श, मुजफ्फर हुसैन, आरिफ तनवीर, हाजी नूरुल हक, हाजी बदरुद्दीन मनियार, नवाब खान, सिराजिद्दीन खान, मकबूल खान, प्रवक्ता इमरान फरीदी, गुलाम जाफर, अरशद खान, मो शाहिद, मो खालिद, हमीद राजा, अख्तर राजा, मो इमरान महफूज भाई, समसुद्दीन, शफीक उल्लाह खान, गुलाम फरीद, गुलाम सकलेन, वसीम बैग, इमरान खान, धन्ना उस्ताद, अब्दुल सत्तार, दिलावर खान, मुबीन नियाजी, अब्दुल शकूर, बशीर अहमद, शाहिद मंसूरी, मो आफ्ताब, हशमत अली, कमाल बाबा, नईम बाबा, रसूल बाबा, हरियल बाबा, अनवर बाबा, खालिद बाबा, रफीक बाबा, शेख रज्जब आदि शामिल रहे। मुहर्रम इंतजामिया कमेटी अध्यक्ष अजहरुद्दीन खान अज्जू भाई, हुसैन बक्श, हाजी अब्दुल कादिर, हाजी नूरूल हक, गुलाम ख्वाजा नियाजी, आरिफ तनवीर, इमरान फरीदी, मो शाहिद, नवाब करबला ने प्रशासन, पुलिस, नगर निगम के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



# बिलहरी सरपंच पति की दखलंदाजी के खिलाफ पंचों ने खोला मोर्चा

### सीईओ को ज्ञापन देकर दी स्तीफा देने की चेतावनी

**कटनी/रीठी, यशभारत।** ग्राम पंचायतों में सरपंच पति की मनमानी रूकने का नाम नहीं ले रही है। पंचायत के कार्यों में दखलंदाजी के कई मामले सामने आ रहे हैं। इसके बावजूद इनकी कारगुजारियां कम नहीं हो रही है। ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलहरी में सामने आया है, जहां सरपंच श्रीमती खूशबू सोनी के पति की पंचायत में दखलंदाजी के खिलाफ पंचों ने मोर्चा खोल दिया है। पंचों ने सीईओ को एक ज्ञापन सौंपकर अपने पद से इस्तीफा देने की बात कही है। सीईओ को दिए गए ज्ञापन में 17 पंचों ने कहा कि पिछले करीब 8 महीने से पंचायत की न तो कोई बैठक हुई है और न ही ग्राम सभा आयोजित हुई है। जिससे ग्राम विकास के कार्य अवरूद्ध है। पंच और उप सरपंच को कोई भी जानकारी नहीं दी जाती है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि सरपंच श्रीमति खुशबू सोनी के पति की दखलंदाजी से वार्ड मेम्बर परेशान हैं। वार्ड के प्रतिनिधियों ने सचिव राजेन्द्र महोबिया पर पंचायत के विकास कार्यों में रुचि नहीं रखने के भी आरोप लगाए हैं। पंचों को प्रतिमाह पंचायत की बैठक में नहीं बुलाये जाने की भी की शिकायत की गई है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि प्रत्येक वार्ड में चल रहे कार्यों में पंचों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। पिछले एक वर्ष से सभी विकास कार्यों का लेखा जोखा आय व्यय आदि की लिखित जानकारी दी जाए। इसके साथ ही सरपंच पति की मनमानी और दखलंदाजी पर रोक लगाई जाए। इस अवसर पर पंच संजय यादव, निधि विश्वकर्मा, मुन्नालाल, रघुनाथ दाहिया, राजेन्द्र चौधरी, संजय कुमार चक्रवर्ती, सुदामा बाई, लक्ष्मी यादव, राजेन्द्र श्रीवास, महेश प्रसाद रजक, जीरा बाई, हीराबाई, योमीन चक्रवर्ती, सुशीला चौरसिया व रितु नायक की उपस्थिति रही।

### सड़क की समस्या से निजात दिलाने सौंपा ज्ञापन

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिलौड़ी से बीजापुरी सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कराया जा रहा है। वर्ष 2016-17 से स्वीकृत सड़क में ठेकेदार के द्वारा जमकर लापरवाही की जा रही है। समयसीमा बीतने के बाद भी अबतक कार्य पूरा नहीं हो सका है। गुणवत्ताविहीन सड़क बनने का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शुक्रवार दोपहर चौकी प्रभारी एम एल करण सिंह को और तहसील कार्यालय में मामले को लेकर ज्ञापन सौंपकर सोमवार को चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान दौरान दीपू जैन, योगेश राय, सतीश साहू, प्रशांत राय, शुभम साहू सहित मौजूद रहे।

# उमरियापान में आपसी सौहार्द्र और भाईचारे के बीच मनाया गया मोहर्रम

**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान सहित आसपास के क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा शहादत के पर्व मोहर्रम की दसवी को ताजियों का जुलूस अमन चैन के साथ निकाला गया। कल शनिवार को शाम 4 बजे से मुस्लिम धर्मावलंबी नगर के मुख्य मार्केट झंडा चौक के पास मस्जिद में एकत्रित हुए और सवारियां उठाने का प्रयास किया। शाम 6 बजे सवारियां और ताजिया का जुलूस मुख्य मार्केट झंडा चौक में पहुंचते ही आसपास खड़े सभी धर्मों के लोग भरी संख्या में एकत्रित हो गए। झंडा चौक में हर वर्ष की तरह मजमा के स्वरूप में जुलूस आधे घंटे से अधिक खड़ा रहा और मुस्लिम धर्मावलंबी या हुसैन या हुसैन के नारे लगाते हुए सवारियां उठाते रहे। दूसरी ओर मुस्लिमए हिंदू समुदाय की माताएं, युवतियां, बच्चे, बुजुर्ग ताजिया और बाबाओं के पास पहुंचकर ईबादत कर अमन चैन तरक्की की दुआएं मांगी। इस दौरान शशिकांत चौरसिया, करण, कालू, मनीष चौरसिया, शिव कुमार श्रीवास, बंटी पटेल, इरफान खान सहित अन्य सदस्यों का भी सराहनीय सहयोग रहा, वहीं शहादत के पर्व मोहर्रम ताजिया के जुलूस में हर वर्ष हिंदू समुदाय के लोग सहयोग के रूप में शामिल होकर कौमी एकता की मिसाल कायम करते हैं। इसके बाद जुलूस बस्ती अंदर संयासी महाराज, अथैया मंदिर, सोनी मोहल्ला, बर्मन मोहल्ला से होते हुए कर्बला पहुंचा जहां सवारियों और ताजिया को ठंडा किया गया। घुघरी, परसेल सहित अन्य ग्रामों में भी मुस्लिम धर्मावलंबी द्वारा अमन चैन से जुलूस निकालकर कर्बला में सवारियों और ताजिया को ठंडा किया गया। इस दौरान उमरियापान पुलिस स्टाफ सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहा।



### कौमी एकता की मिसाल पेश की युवाओं ने

चौरसिया समाज नवयुवक मंडल के सदस्यों द्वारा पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी मोहर्रम पर्व के उपलक्ष्य में झंडा चौक में स्टाल लगाकर दूध शेक वितरण का कार्यक्रम रखा गया था। शाम 5 बजे ताजिया का जुलूस मुख्य मार्केट झंडा चौक पहुंचते ही सभी लोगों को 60 लीटर दूध शेक का वितरण किया गया। हिंदू मुस्लिम भाई चारा की मिसाल देखकर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने चौरसिया समाज के युवाओं की भूरी भूरी प्रशंसा की। ज्ञात हो की नागपंचमी चौरसिया दिवस पर्व के दिन इरफान और आयूब खाना दोनों सागे भाइयों द्वारा हर वर्ष अपनी दुकान में स्टाल लगाकर जुलूस में शामिल चौरसिया समाज के हजारों लोगों का शीतल जल और चाय पान से भव्य स्वागत कर कौमी एकता की मिसाल पेश करते हैं। वहीं मोहर्रम पर्व पर मुस्लिम भाईयों ने भी झंडा चौक में स्टाल लगाकर लंगर शरबत दूध शेक का वितरण किया है। दूध शेक वितरण का कार्यक्रम आशीष चौरसिया, के के चौरसिया, पी सी चौरसिया, लकी चौरसिया, गोलू चौरसिया, टीटू चौरसिया, राकेश चौरसिया, चुट्टू सेठ होटल, भोला चौरसिया के सहयोग रहा।



# सांसद के पत्र को गंभीरता से नहीं लिया अफसरों ने

### ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत के अंतर्गत कई पंचायतों में समस्याओं का अंबार

**कटनी, यशभारत।** जनपद अंतर्गत ढीमरखेड़ा के अंतर्गत समरस ग्राम पंचायत गौरा में ग्रामीण विकास कार्यों की बांट जोह रहे हैं। शहडोल सांसद हिमांद्री सिंह ने गांव के विकास के लिए अफसरों को पत्र तो खूब लिखे हैं, लेकिन गांव में विकास कार्य नहीं हुए। गौरा गांव में शिक्षक द्वारा 10 लाख से अधिक राशि का स्वयं खर्च कर शासकीय विद्यालय में निजी विद्यालयों के बराबर व्यवस्थाएं बनाई थी, जिसकी सराहना प्रदेशभर में की गई। यहां संगीत और व्यवसायिक शिक्षा भी शिक्षक द्वारा दी जा रही है। सरपंच कौशल्या देवी ने बताया कि ग्राम पंचायत समरस पंचायत हैं। सांसद द्वारा ग्राम विकास के कार्यों को लेकर जिले के अधिकारियों को पत्राचार किए गए। गांव का विद्यालय प्रदेश स्तर में नाम रोशन कर रहा है। विद्यालय में स्मार्ट क्लास चालू करने और मरम्मत के लिए भी सांसद के द्वारा पत्र व्यवहार किया है लेकिन अधिकारियों के द्वारा सांसद के पत्र पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गांव में व्याप्त समस्याओं में सामुदायिक भवन, मुक्तिधाम सड़क निर्माण, गांव के मध्य भाग में सड़क निर्माण और मंगल भवन निर्माण को लेकर ग्रामीणों के द्वारा सांसद से मांग की गई। सांसद के द्वारा समस्या निराकरण को लेकर पत्राचार किया गया लेकिन समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। जल संसाधन विभाग की घोर लापरवाही के कारण भी ग्रामीण परेशान हैं। जान जोखिम में डालकर जल संसाधन विभाग की पुलिया से आवागमन कर रहे हैं लेकिन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से जल्द से जल्द समस्या निराकरण कराने की मांग की है।

**अब कलेक्टर का ध्यानाकर्षण कराया ग्रामीणों ने**

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ

mgm NURSING

एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग



SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी

विशेषतायें : डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक B.Sc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें

जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 4 वर्ष | 12वीं ( बायो ) |
| 2. | जी.एन.एम. ( नर्सिंग ) | 3 वर्ष | 12वीं ( किसी भी विषय ) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.( नर्सिंग ) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

सर्वसुविधा युक्त लायब्रेरी, स्पोकन इंग्लिश एवं कम्प्यूटर कोर्स की निःशुल्क सुविधा, एयरकूल्ड छात्रावास सुविधा एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध

जिला अस्पताल, कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांऊसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश स्टेट नर्सेस कांऊसिल भोपाल, मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी

फोन. 07622&405074 मो. 7771001902

कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी ( म.प्र. )

पश्चिम मध्य रेल्वे

सूचना

रेलवे में मेडिकल सुविधा प्राप्त करने हेतु कार्यरत/ सेवानिबृत्त कर्मचारियों के लिए UMID कार्ड का प्रावधान है। UMID कार्ड बनाने हेतु umid.digitalir.in नामक पोर्टल बनाया गया है। अत: RELHS लाभार्थी सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों/ अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि अपना UMID कार्ड अवश्य बनवा लें। यदि UMID कार्ड बनाने में किसी भी प्रकार की सहायता चाहिए तो निम्न मोबाईल नम्बरों, ई मेल अथवा दिये गये पते पर सम्पर्क कर सकते है –

| Unit | e-mail ID | Whatsapp no. | Address |
|---|---|---|---|
| मुख्यालय | sectionsettlement661@gmail.com | 9131560080 | प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी महाप्रबंधक कार्यालय जबलपुर, प.म.रे. |
| जबलपुर मंडल | chossettjbp@gmail.com | 9752418604 | मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक ) जबलपुर |
| भोपाल मंडल | cswiwcrbpl@gmail.com | 9752416632 | मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक) भोपाल |
| भोपाल कारखाना | spobpl@gmail.com | 9893616975 9755042991 | उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, सडि पु का निशातपुरा, भोपाल |
| कोटा मंडल | srdpoktt@gmail.com | 9608572300 | मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक) कोटा |
| कोटा कारखाना | spowrskota@gmail.com | 9001017460 | सहा.का. अधिकारी मडि म का कोटा |

महाप्रबंधक कार्यालय, कार्मिक विभाग, पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर

कोरोना को हराना है, तो टीका लगवाना है

किराए से देना है

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340

सिटी मॉल बरही रोड में



शानदार दूसरा सप्ताह

28 जुलाई से रोजाना 2 शो

06.00 PM (AUDI-1)

09.30 PM (AUDI-1

नोट- रविवार एवं बुधवार को केवल 1 शो चलेगा रात 9.30 बजे से

OPPENHEIMER-2D (IN HINDI)

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में

ऑल इंडिया रिलीज



28 जुलाई से रोजाना 4 शो

12.30 PM (AUDI-2)

03.45 PM (AUDI-2)

07.00 PM (AUDI-2)

10.15 PM (AUDI-2)

नोट- रविवार एवं बुधवार को 6 शो चलेंगे 12.30, 3.45, 7 एवं 10.15 (ऑडी-2), 2.45 एवं 6 (ऑडी-1)

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी

कलाकार- रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आजमी आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में



शानदार तीसरा सप्ताह

28 जुलाई से रोजाना 2 शो

12.00 PM (AUDI-1)

03.00 PM (AUDI-1

नोट- रविवार एवं बुधवार को केवल 1 शो चलेगा दोपहर 12 बजे से

MISSION IMPOSSIBLE DEAD RECKONING PART ONE

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

## विशेष हेपेटाइटिस दिवस विशेष

# वायरल हेपेटाइटिस: जागरुकता ही सबसे बड़ा बचाव



वायरल हेपेटाइटिस विभिन्न वायरस के कारण होने वाले लिवर संक्रमण का एक समूह है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है, प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को मनाया जाने वाला विश्व हेपेटाइटिस दिवस, इस बीमारी के बारे में जागरुकता और समझ बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। विश्व हेपेटाइटिस दिवस 2023 की थीम, वीआर नौंट वेटिंग वायरल हेपेटाइटिस के मामलों की पहचान करने और तत्काल इलाज कराने के महत्व पर जोर देती है।

वायरल हेपेटाइटिस, विशेष रूप से इसका बी और सी प्रकार एक महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य समस्या बन गया है. वायरल हेपेटाइटिस सालाना 13 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार है। लिवर कैंसर से संबंधित दो-तिहाई मौतों कारण हेपेटाइटिस बी और सी है । चौंकाने वाली बात यह है कि बी से पीड़ित 91प्रतिशत और हेपेटाइटिस सी से पीड़ित 80 प्रतिशत लोग अपने संक्रमण से अनजान है दुनिया भर 20 करोड़ लोग तो अपनी स्थिति के बारे में जानकारी के बिना वायरल हेपेटाइटिस के साथ जी रहे हैं। कई देशों में जन्म के समय दिए जाने वाले टीकों की कमी बीमारी के निरंतर प्रसार में योगदान करती है. वर्ष 2030 तक हेपेटाइटिस बी और सी को खत्म करने से लगभग 3.6 करोड़ संक्रमणों को रोका जा सकता है और 1 करोड़ लोगों की जान बचाई जा सकती है. भारत को हेपेटाइटिस से निपटने में एक महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करना पड़ रहा है. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, लिवर की बीमारी भारत में मृत्यु का दसवां प्रमुख कारण है भारत में लगभग हर पांच में से एक व्यक्ति किसी न किसी प्रकार की लिवर की बीमारी से पीड़ित है ।देश में वायरल हेपेटाइटिस के लगभग 5 करोड़ वाहक है । भारत में मानसून के दौरान विशेषकर हेपेटाइटिस ए और ई के मामलों में वृद्धि देखी जाती है, जबकि हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी दीर्घकालिक संक्रमण हैं. अपर्याप्त जागरुकता और सीमित स्क्रीनिंग सुविधाओं सहित विभिन्न कारकों के कारण भारत वायरल हेपेटाइटिस का एक बड़ा बोझ वहन करता है. हालांकि सरकार ने राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम जैसी पहल लागू की है, जो वायरल हेपेटाइटिस के लिए मुफ्त निदान और उपचार प्रदान करती है बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए जागरुकता बढ़ाना और निवारक उपाय महत्वपूर्ण है. इस विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर आइए हम वायरल हेपेटाइटिस की पकड़ से मुक्त दुनिया बनाने की अपनी प्रतिबद्धता में एकजुट हो साथ मिलकर हम हेपेटाइटिस को खत्म कर सकते हैं और सभी के लिए एक स्वस्य भविष्य सुरक्षित कर सकते है.।



डॉ. चेतन कलाल
प्रख्यात हेपाटोलॉजिस्ट
नानावटी मेक्स सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल मुंबई

## आपका राशिफल 30 जुलाई



पं. लोकेश व्यास

**शुभांक - 9,1,2**

- **मेष** सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे उधार पैसा वापस मिलेगा मंगल ग्रह से संबंधित चीजों का दान करें
- **वृषभ** अपच और पेट में खराबी रहेगी अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करें शुक्र ग्रह का पूजन करें
- **मिथुन** नई उपलब्धि मिलेगी लक्ष्य समय पर पूरे होंगे मानसिक शांति के लिए प्राणायाम करें
- **कर्क** साहस पराक्रम बढ़ेगा कामकाज पर फोकस रहेगा सफेद वस्तुओं का दान करें
- **सिंह** मित्रों का साथ मिलेगा सेहत का ध्यान रखें तांबे के पात्र में जल पिए
- **कन्या** जिम्मेदारियां पूरी करें अन्यथा विवाद की संभावना पूजा पाठ में मन लगेगा
- **तुला** स्थाई भावना को बल मिलेगा कर्ज चुक सकता है भैरव पूजन करें
- **वृश्चिक** खुशनुमा माहौल मिलेगा आकर्षण बढ़ेगा गुड खाकर नए काम की शुरुआत करें
- **धनु** गुप्त शत्रु बनेंगे काम में रोड़ा अटका या जाएगा सुंदरकांड का पाठ करें
- **मकर** कोशिश कामयाब होगी जिस दिशा में काम कर रहे हैं उसमें काम जारी रखें पीपल के वृक्ष में दिया लगाएं
- **कुंभ** कला कौशल में सुधार होगा पुरानी आदत से परेशानी रह सकती है
- **मीन** अनुकूलता रहेगी बुद्धिमत्ता से आगे बढ़े ओवरकॉन्फिडेंस में ना रहे भगवान शिव का पूजन करे

राशिफल चंद्रमा और नक्षत्रीय गणना अनुसार लिया गया है अपने भविष्य की जानकारी के लिए संपर्क करें
ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास
संपर्क - 9009074786

## पत्रकार नीरजा चौधरी की आगामी पुस्तक

# 'हाउ प्राइममिनिस्टर डिसाइड' में कई खुलासे



**यशभारत।** देश की जानी मानी पत्रकार नीरजा चौधरी द्वारा लिखी गई किताब हाउ प्राइममिनिस्ट डिसाइड के माध्यम से इंदिरा गांधी के समय हुई घटनाओं, संजय के निधन और राजीव के बोफोर्स मामले में फंसने से लेकर आरएसएस और राममंदिर विवाद पर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर कई खुलासे किए है। जो जल्द ही आने वाली है।

आरएसएस नेताओं के साथ राजीव गांधी की गुप्त बैठकों से लेकर शाह बानो विधेयक पर सोनिया गांधी की आपत्तियों तक; विदेश मंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी का भारत द्वारा परमाणु परीक्षण करने का विरोध, पीवी नरसिम्हा राव की अयोध्या में मंदिर बनाने की इच्छा, जहां कभी बाबरी मस्जिद थी - ऐसे दुर्लभ और अनकहे विवरण आगामी पुस्तक हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड में सामने आए हैं। नीरजा चौधरी जो कि दा इंडियन एक्सप्रेस में एक कॉलमिस्ट और संपादक हैं। अगले सप्ताह अलेफ द्वारा प्रकाशित होने वाली यह पुस्तक दशकों की गहन रिपोर्टिंग और पूर्व प्रधानमंत्रियों के कुछ सबसे भरोसेमंद सहयोगियों द्वारा संदर्भ और परिप्रेक्ष्य के साथ प्रस्तुत की गई है। यह इस बात पर नई रोशनी डालता है कि कैसे 6 प्रधानमंत्रियों - इंदिरा, राजीव, वीपी सिंह, राव, वाजपेयी और मनमोहन सिंह - ने कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए, जिन्होंने समकालीन भारत को आकार दिया और कैसे उनका व्यक्तित्व राजनीति के साथ धुंधला हो गया।

**- इंदिरा ने राजीव को आरएसएस तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया**

हालाँकि आरएसएस ने इंदिरा से संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने आपातकाल के दौरान या उसके तत्काल बाद उसके नेताओं से मिलने से इनकार कर दिया। लेकिन किताब में कहा गया है कि 1982 में, अपने कार्यकाल के आधे समय में, उन्होंने राजीव को आरएसएस प्रमुख बालासाहेब देवरस के भाई भाऊराव देवरस से मिलने और उनके साथ बातचीत शुरू करने के लिए कहा था। ये मुलाकातें कपिल मोहन तय करते थे। भाऊराव तब आरएसएस की राजनीतिक शाखा की देखभाल कर रहे थे।

राजीव ने भाऊराव से 1982-84 के बीच तीन बार मुलाकात की, जब इंदिरा गांधी प्रधान मंत्री थीं और एक बार 1991 की शुरुआत में, जब वह सत्ता से बाहर थी इस समय भी मुलाकात हुई। पहली बैठक सितंबर 1982 में कपिल मोहन के 46, पूसा रोड स्थित आवास पर हुई थी। भाऊराव से मोहन की दोस्ती कई साल पुरानी है। दूसरी बैठक भी पूसा रोड पर, तीसरी फ्रें ड्स कॉलोनी में अनिल बाली के आवास पर हुई थी। किताब के अनुसार चौथी बैठक 10 जनपथ पर हुई थी।

बाली के अनुसार, इन बैठकों को आयोजित करने वाले व्यक्ति इंदिरा के राजनीतिक सचिव एम एल फोद्दार थे। अगर 1985-87 के बीच (इंदिरा गांधी की मृत्यु के बाद और जब राजीव पीएम थे) राजीव गांधी पर हिंदूवादी प्रभाव डालने वाला कोई एक व्यक्ति था, जो फोद्दार जी थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद राजीव भाऊराव से नहीं मिले। लेकिन वे संपर्क में रहते थे। उनके कार्यकाल के आधे समय में, आरएसएस ने राजीव से दूरदर्शन पर रामानंद सागर द्वारा निर्मित रामायण धारावाहिक के प्रसारण की सुविधा के लिए अनुरोध किया था - इसमें बाधाएँ आईं। कांग्रेस नेता एच के एल भगत, जो बाद में सूचना और प्रसारण मंत्री बने, उस समय चिंतित हो गए थे। जब राजीव ने आरएसएस के अनुरोध का उल्लेख किया; उन्होंने राजीव को चेतावनी दी कि इससे भानुमती का पिटारा खुल जाएगा और भाजपा-विहिप-आरएसएस के नेतृत्व वाले राम जन्मभूमि आंदोलन के पक्ष में माहौल तैयार हो जाएगा । राजीव ने भगत की आशंकाओं पर ध्यान नहीं दिया।

- यह बोफोर्स घोटाला ही था जिसके कारण अंततः राजीव को बर्बादी का सामना करना पड़ा। उनके चचेरे भाई अरुण नेहरू का उन पर जो प्रभाव था, वह सर्वविदित है। एक समय के बाद दोनों अलग हो गए। अरुण ने ब्रेकअप के लिए सोनिया को जिम्मेदार ठहराया। अक्टूबर 1986 में राजीव ने कैबिनेट फेरबदल में अरुण को मंत्री पद से हटा दिया।

शपथ ग्रहण के बाद, बेचैन राजीव ने फोद्दार को फिर से रेस कोर्स रोड पर अपने साथ चलने के लिए कहा। फोद्दार ने बाद में कहा, राजीव जी तनाव में थे। जैसे ही कार रेसकोर्स रोड पर पहुंची, उन्होंने पोर्च में सोनिया गांधी और गांधी परिवार के वफादार कैप्टन सतीश शर्मा को इंतजार करते देखा। सोनिया के चेहरे पर एक विस्तृत मुस्कान थी। फोद्दार ने बाद में कहा, मुझे तब समझ आया कि अरुण नेहरू को क्यों हटाया गया था।

**- बाबरी विध्वंस के बाद राव की अयोध्या मंदिर की इच्छा!**

यह पुस्तक उन घटनाओं के सिलसिले को विस्तार से बताती है जिनके कारण 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी मस्जिद का विध्वंस हुआ। किताब में विध्वंस के कुछ दिनों बाद पत्रकार निखिल चक्रवर्ती की राव से हुई मुलाकात का जिक्र है। दोनों दोस्त थे। चक्रवर्ती ने राव को चिढ़ाते हुए कहा, मैंने सुना है कि आप 6 दिसंबर को बारह बजे के बाद पूजा कर रहे थे। क्रोधित राव ने चक्रवर्ती पर पलटवार किया, दादा, आप सोचते हैं कि मैं राजनीति नहीं जानता। मेरा जन्म राजनीति में हुआ है और मैं आज तक केवल राजनीति ही कर रहा हूं। जो हुआ वो ठीक हुआ... (जो हुआ, अच्छे के लिए हुआ।) मैंने इस लिए होने दिया...कि भारतीय जनता पार्टी की मंदिर की राजनीति हमेशा के लिए ख़त्म हो जाए। किताब में अयोध्या सेल के प्रमुख रहे नरेश चंद्र के साथ काम कर चुके सीआईएसएफ के पूर्व डीआइजी और आइपीएस अधिकारी किशोर कुणाल के हवाले से कहा गया है कि राव एक मंदिर बनाना चाहते थे जहां राम लला की मूर्तियां रखी जाएं। पुलिस अधिकारी किशोर कुणाल ने मुझसे कहा, नरसिम्हा रावजी जहां राम ललाजी विराजमान हैं, वहीं मंदिर बनाना चाहते थे (सच्चाई यह है कि नरसिम्हा राव खुद उस मंदिर का निर्माण करना चाहते थे जहां मूर्तियां रखी गई थीं)। अपने मीडिया सलाहकार, पी. वी. आर. के. प्रसाद को एक ट्रस्ट बनाने का निर्देश दिया जो एक मंदिर का निर्माण कर सके जहां कभी मस्जिद थी। 13 दिसंबर 1992 के बाद रविवार को, प्रसाद राव से मिलने गए थे। उन्होंने पीएम को अकेले और चिंतनशील मूड में पाया था। उन्होंने प्रसाद से चिंतित होकर पूछा, हम बीजेपी से लड़ सकते हैं, लेकिन भगवान राम से कैसे लड़ सकते हैं?जब हम कहते हैं कि कांग्रेस एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि हम नास्तिक हैं, उन्होंने आगे कहा। 'अयोध्या में मंदिर निर्माण के बहाने भगवान राम पर एकाधिकार जमाकर लोगों की आंखों में धूल झोंकना कहां तक उचित है?



**- 1979 में, वाजपेयी ने परमाणु परीक्षण का विरोध किया**

मई 1998 में, भारत ने पोखरण में सफलतापूर्वक परमाणु परीक्षण किया, जो अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व काल का एक गौरव था। लेकिन 1979 में, जब वे मोरारजी देसाई कैबिनेट में विदेश मंत्री थे, तब वाजपेयी ने परीक्षण का विरोध किया था। अप्रैल 1979 में, देसाई ने अपने शीर्ष चार मंत्रियों रक्षा मंत्री जगजीवन राम, वित्त मंत्री चरण सिंह, गृह मंत्री एच एम पटेल और वाजपेयी के साथ बैठक की। देसाई ने उन्हें बताया कि पाकिस्तान परमाणु हथियार हासिल करने की कगार पर है और वह उनसे चर्चा करना चाहते हैं कि सरकार को उसके परमाणु कार्यक्रम के बारे में क्या करना चाहिए।

संयुक्त खुफिया समिति के अध्यक्ष के. सुब्रमण्यम द्वारा देसाई को सौंपी गई एक गुप्त रिपोर्ट ने देसाई को चिंतित कर दिया था। सुब्रमण्यम ने कहा था कि पाकिस्तान बम से महज एक कदम दूर है। सीसीपीए की बैठक में मंत्रियों के अलावा केवल दो अधिकारी, परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष और कैबिनेट सचिव निर्मल मुखर्जी मौजूद थे। जबकि शीर्ष मंत्रियों ने संकल्प लिया कि भारत को अपने परमाणु प्रयासों को आगे बढ़ाना चाहिए, यह निर्णय सर्वसम्मत नहीं था। सुब्रमण्यम ने बाद में मुझसे पुष्टि की कि मोरारजी और वाजपेयी आगे बढ़ने के विरोध में थे। किताब के अनुसार एच. एम. पटेल, जगजीवन राम और चरण सिंह इसके पक्ष में थे। सीसीपीए की बैठक के एक दिन बाद, सुब्रमण्यम ने वाजपेयी का सामना किया। उन्होंने वाजपेयी से पूछा आप इसका विरोध कैसे कर सकते हैं? आप हमेशा से इसके पक्ष में रहे हैं। नहीं, नहीं, अब सबसे महत्वपूर्ण बात पाकिस्तान को बम बनाने से रोकना है, वाजपेयी ने रक्षात्मक रूप से उत्तर दिया। और हमें उन्हें उकसाना नहीं चाहिए।

**- राहुल ने सोनिया गांधी के लिए खींची लाइन**

किताब में 17 मई, 2004 को दोपहर में 10 जनपथ पर हुई एक बैठक के बारे में विवरण दिया गया है। नटवर सिंह के अनुसार, जब वह पहुंचे तो कमरे में सोनिया, प्रियंका गांधी और मनमोहन सिंह मौजूद थे। सोनिया वहां सोफ़े पर बैठी थी। मनमोहन सिंह और प्रियंका भी वहीं थे...सोनिया गांधी परेशान दिख रही थीं...तभी राहुल अंदर आए और हम सबके सामने कहा मैं आपको प्रधानमंत्री नहीं बनने दूंगा। मेरे पिता की हत्या कर दी गई, मेरी दादी की हत्या कर दी गई। छह माह में तुम्हें मार दिया जायेगा । राहुल ने धमकी दी कि अगर सोनिया ने उनकी बात नहीं मानी तो वह अतिवादी कदम उठाएंगे। नटवर सिंह ने याद करते हुए कहा यह कोई सामान्य धमकी नहीं थी, राहुल एक मजबूत इरादों वाले व्यक्ति हैं। उन्होंने सोनिया को निर्णय लेने के लिए 24 घंटे का समय दिया । जब राहुल ने कहा कि वह अपनी मां को प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए हर संभव कदम उठाने को तैयार हैं, तो सोनिया की आंखों में आंसू आ गए। इस तरह के कई आख्यान इस किताब में मौजूद है जो दशकों तक पर्दे के पीछे छुपे रहे।

### संजय की दुर्घटना, इंदिरा की देवी से मुलाकात

22 जून 1980 को इंदिरा को हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में चामुंडा देवी मंदिर जाना था, लेकिन आखिरी समय में उनका कार्यक्रम रद्द हो गया। मोहन मीकिन समूह के कपिल मोहन के भतीजे और इंदिरा के भरोसेमंद अनौपचारिक सहयोगियों में से एक थे अनिल बाली के द्वारा व्यवस्था की गई थी, जिनकी उन तक सीधी पहुंच थी।

मुख्यमंत्री राम लाल सहित हिमाचल प्रदेश की पूरी सरकार डेरा डाले हुए थी। जब पुजारी ने सुना कि वह नहीं आ रहीं हैं, तो उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। 'आप इंदिरा गांधी से कहिए, यह चामुंडा है। यदि कोई साधारण प्राणी नहीं आ सकेगा तो माँ क्षमा कर देगी। लेकिन यदि शासक अपमान करेगा तो देवी माफ नहीं करेंगी। किताब के अनुसार देवी की अवमानना नहीं कर सकते । अगले दिन, संजय गांधी की एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई। बाली दिल्ली पहुंचे और जब वह रात 2.30 बजे इंदिरा के आवास पर पहुंचे, तो वह संजय के शव के पास बैठी थीं। किताब में कहा गया है, कि उन्होंने बाली से पूछा 'क्या इसका मेरे चामुंडा न जाने से कोई लेना-देना है?'' ।

उसी साल 13 दिसंबर को इंदिरा चामुंडा देवी मंदिर गईं। जैसे ही उन्होंने पूजा की, पंडित के हाथ कांपने लगे। मैं एक कट्टर हिंदू हं और जिस तरह से उन्होंने पूणार्हूति के लिए मंत्र पढ़े, और जब वह गर्भगृह में माथा टेका और वह रो पड़ी. वह बस रोती रही और रोती रही। इंदिरा ने यह सुनिश्चित किया कि चामुंडा में संजय के नाम पर एक घाट बनाया जाए। बाली ने कहा, इसकी लागत (80 लाख रुपये) थी जिसे कांग्रेस नेता सुखराम ने वहन किया, जो बाद में केंद्रीय मंत्री बने।

# जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व छात्र, पद्म भूषण डॉ अजय चौधरी ने अपने कॉलेज के इंजीनियरिंग विद्यार्थियों

## चौधरी के पारिवारिक न्यास 'स्वयम चैरिटेबल ट्रस्ट' ने लांच की ऐस्पायर स्कॉलरशिप

**जबलपुर,यश भारत।** एचसीएल के संस्थापक और हाल ही में प्रकाशित आत्मकथा जस्ट ऐस्पायर के लेखक पद्म भूषण डॉ अजय चौधरी ने भारत की भावी प्रतिभाओं के निर्माण में योगदान की घोषणा की है। चौधरी के पारिवारिक न्यास 'स्वयम चैरिटेबल ट्रस्ट' ने 'ऐस्पायर स्कॉलरशिप' स्थापित की है। इस पहल का लक्ष्य उन आकांक्षी इंजीनियरों को जरूरी सहयोग प्रदान करना है जो उच्च शिक्षा प्राप्त करने में वित्तीय अड़चन का सामना कर रहे हैं। इस स्कॉलरशिप के माध्यम से उनको अपनी ध्येय प्राप्ति में मदद मिलेगी और एक उज्जवल भविष्य की राह पर आगे बढ़ सकेंगे। पहले तीन सालों में 10 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ यह न्यास 84 (की संख्या तक) विद्यार्थियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है; उनकी इंजीनियरिंग की पूरी पढ़ाई के दौरान उन्हें संपूर्ण वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस पहल का लक्ष्य उन विद्यार्थियों तक मदद का हाथ पहुंचाना है जो अपने सपनों को हकीकत में बदलने की कोशिशों में लगे हैं। यह स्कॉलरशिप महज ट्यूशन फीस के दायरे तक सीमित नहीं होगी बल्कि इसमें उनके हॉस्टल व मैस का व्यय भी शामिल रहेगा, और उनके पूरे प्रोग्राम के दौरान यह सारा खर्च दिया जाता रहेगा। ऐपिक फाउंडेशन के संस्थापक, एचसीएल के सह-संस्थापक और स्वयम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक न्यासी डॉ अजय चौधरी ने कहा, ''ऐस्पायर केवल एक स्कॉलरशिप मात्र नहीं है बल्कि यह आशा की किरण है जो इन आकांक्षी इंजीनियरों के भीतर महानता की चिंगारी को प्रेरित करेगी, उन्हें सक्षम बनाएगी कि वे अपनी प्रतिभा व निपुणता से इस दुनिया में परिवर्तन ला सकें। इस स्कॉलरशिप का लक्ष्य है आकांक्षी इंजीनियरों की मदद करना, जो भारत की भावी वृद्धि के लिए आवश्यक हैं और उन्हें भारत की प्रगति कथा में हिस्सा लेने व योगदान करने हेतु सहयोग मुहैया कराना। दुनिया की सबसे युवा आबादी आज हमारे देश में है। आज हमारे पास जो प्रतिभा है यदि हम उसका सदुपयोग नहीं करेंगे, यदि हम प्रतिभावानों की मदद नहीं करेंगे और उन्हें वर्तमान अवरोधों से उबरने में सहायता नहीं देंगे तो हम तकनीकी रूप से अग्रणी देश बनने की दौड़ में बहुत पीछे रह जाएंगे। ऐस्पायर स्कॉलरशिप एक कोशिश अपने हिस्से का योगदान देने की और जिस समाज ने मुझ जैसे व्यक्तियों की मदद की उस समाज को वापस लौटाने का यह एक प्रयास है ताकि ये नौजवान भी बड़ा सोचें और अपने सपनों को हासिल करें।''यह स्कॉलरशिप भारत के दस इंजीनियरिंग संस्थानों के विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी जिनमें शामिल होंगे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (खड़गपुर, हैदराबाद, पटना, दिल्ली, बॉम्बे, गोवा), इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी दिल्लीमैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी रांची।



ऋषभ पुत्र भरत जिसके नाम से इस देश का नाम भारत पड़ा। चक्रवर्ती भरत को एक साथ तीन शुभ समाचार मिले। एक, पुत्र रत्न भी प्राप्ति जो कि काम पुरूषार्थ का फल था। दो, चक्र रत्न की प्राप्ति, जो कि अर्थ पुरूषार्थ का फल था। तीन, तीर्थंकर ऋषभदेव को कैवल्य की प्राप्ति जो धर्म पुरूषार्थ का फल था। कहानी कहती है कि भरत सबसे पहले केवली की पूजा करने गया। धर्म को सबसे पहले रखिए।

**- मुनिश्री तरुण सागर**

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त
यश भारत
नये जमाने के साथ..
Classified
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •

| 1 माह | 15 दिन | 7 दिन | 3 दिन | 1 दिन |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| Rs.1800/- | Rs.1200/- | Rs.500/- | Rs.250/- | Rs.150/- |

व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण
आम सूचना
इश्तहार
गुमशुदा
नाम सुधार
जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9407348995 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

# श्री राम प्रोटीन्स लिमिटेड को कपास निर्यात करने का ऑर्डर मिला

कंपनी को इस ऑर्डर से 50 से 60 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है कंपनी का राइट्स इश्यू 10 अगस्त 2023 को बंद हो जाएगा कपास के बीज प्रोसेसिंग उद्योग में एक अग्रणी खिलाड़ी, श्री राम प्रोटीन्स लिमिटेड (एनएसई- एसआरपीएल), जिसने यह घोषणा की है कि उसे शंघाई, चीन को 63277.20 मीट्रिक टन 100त्न सूती धागा एनई 32 सीसीएच के एक्सपोर्ट का ऑर्डर मिला है। कंपनी को इस ऑर्डर से प्रति वर्ष लगभग 50 से 60 करोड़ रुपये का रेवेन्यु प्राप्त होने की उम्मीद है, जिसके परिणामस्वरूप सालाना 6त्न प्रॉफिट हो सकता है। कंपनी का राइट्स इश्यू फिलहाल खुला है, जहां कंपनी ने अपने शेयरहोल्डर्स को रिकॉर्ड डेट के अनुसार प्रत्येक मौजूदा इक्विटी शेयर के लिए 1 राइट्स एंटाइटेलमेंट दिया है। राइट्स इक्विटी शेयर 2.30 रुपये प्रति शेयर की दर से पेश किए जा रहे हैं। यह इश्यू 10 अगस्त 2023 को बंद हो जाएगा। श्री राम प्रोटीन्स लिमिटेड की स्थापना 2005 में कपास बीज प्रोसेसिंग उद्योग में खुद को एक अग्रणी खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने के स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ की गई थी। कंपनी कपास के बीजों के सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन के साथ-साथ कपास के बीज, कपास के बीज के तेल केक, कपास प्रसंस्करण, लिंटर, डी-लिंटर और कपास प्रसंस्करण के इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट के व्यवसाय में भी है। कंपनी के प्रमोटर्स ने कपास के बीज के व्यवसाय की गहरी समझ के साथ एक प्रभावशाली 400 मीट्रिक टन प्रतिदिन (एमटीपीडी) सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन प्लांट स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी दूरदर्शिता और विशेषज्ञता कंपनी के विकास और एक मार्केट लीडर के रूप में उभरने में महत्वपूर्ण रही है। श्री राम प्रोटीन्स लिमिटेड का प्राथमिक उद्देश्य दुनिया भर में ग्राहकों की मांगों को पूरा करना और उससे आगे बढ़ना है। यह सुनिश्चित करते हुए कि इसकी पेशकशें दुनिया भर में ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करती हैं, कंपनी विविध उत्पाद श्रृंखला पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री राम प्रोटीन्स लिमिटेड कपास के बीज से संबंधित उत्पादों में उद्योग के अग्रणी के रूप में पहचाने जाने की इच्छा रखता है, जिसमें कपास का तेल, कपास का तेल केक, कपास डी ऑयल केक और कपास लिंटर (जिसे शॉफ्ट फाइबर भी कहा जाता है) शामिल हैं। गुणवत्ता, स्थिरता और ग्राहक की संतुष्टि के प्रति कंपनी का अटूट समर्पण बेहद प्रतिस्पर्धी बाजार (कॉम्पिटीटिव मार्केट) में इसकी सफलता की आधारशिला रही है। गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में स्थित, श्री राम प्रोटीन्स लिमिटेड को इस क्षेत्र की लीडिंग कॉटन सीड प्रोसेसिंग कंपनियों में से एक होने का गौरव मिला है। तेल और पशुचारे में कंपनी की विशेषज्ञता ने न केवल ग्राहकों का विश्वास और वफादारी जीती है, बल्कि यहां के कृषि सेक्टर के ग्रोथ और डेवलपमेंट में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## शब्द पहेली - 7751

**बाएँ से दाएँ**

1. सिंह, शेर-3
6. कृषि पैदावार-3
7. कमल सरोवर-5
8. बारीक-3
10. जरा, थोड़ा-2
12. वाराणसी-4
15. टूटना, तड़कना-4
17. शराब, मदिरा-2
19. बुद्धि, मति-3
21. सेवा,, चाकरी, देखभाल-5
23. कर्म, भाग्य-3
24. यज्ञ, होम-3

**ऊपर से नीचे**

2. आक्रमणकारी-5
3. समा, माहौल-3
4. आर्द्रता, नमी-3
5. चट्टान (अंग्रेजी-2)
6. अंतर, फर्क-3
9. षष्ठीपूर्ति, 60 वर्ष पूरे होना-3
11. नशा, खुमार-2
13. नरम, मुलायम-3
14. एक जैसा, समान-2
16. सार-संभाल-2,3
18. अनाथ, बेसहारा-3
19. खालिस, शुद्ध-3
20. फालिज, पक्षाघात-3
22. क्रोध, खीज, गुस्सा-2

शब्द पहेली -7750 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

» न्यूज गैलरी

### कांग्रेस सरकार बनने पर ट्रांसपोर्टस की समस्याओं का निराकरण होगा

**भोपाल,यशभारत।** कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नरिंदर पांधे के नेतृत्व में ट्रांसपोर्टर्स ने की कमलनाथ से मुलाकात भोपाल मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से मप्र कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरिंदर सिंह पांधे के नेतृत्व में प्रदेश के 40 जिलों से आए ट्रांसपोर्टर्स ने उनके निवास श्यामला हिल्स पर मुलाकात कर अपने व्यवसाय में आ रही समस्याओं को उनके सामने रखा। कमलनाथ ने ट्रांसपोर्टर्स को आश्वस्त करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर समस्याओं का निराकरण किया जायेगा, ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में भारी पैमाने पर व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने की पहल होगी। पांधे ने कमलनाथ का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि वर्तमान में मप्र में परिवहन चौकियों और फ्लाइंग दस्ते व नैशनल हाईवे पर स्थित थानों के माध्यम से सरेआम अवैध वसूली ट्रक मालिकों से की जा रही, जिसकी हर स्तर पर शिकायत के बाद भी वर्तमान बीजेपी सरकार द्वारा रोकथाम के कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये है, बल्कि उन्हें और प्रताड़ित किया जा रहा है, जिसके कारण ट्रांसपोर्ट व्यवसाय में भारी परेशानी और व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। श्री पांधे ने बताया कि कमलनाथ से मुलाकात हेतु जबलपुर, नरिंदर सिंह पांधे, देवी सिंह पटेल, रवि कोस्टा, बलराज सिंह इंदौर से सुशील शालूके, भोपाल से संतोष संताली ग्वालियर से राजीव मोदी उज्जैन अश्विन, देवास राजेन्द्र बेदी, सागर अमित यादव, रीवा से रजनीश पांडे, सतना मनमोहन कुशवाहा, सीधी से प्रदीप परिहार, सिंगरोली से राजेश सिंह, विदिशा से मनोज यादव, आगर से अफरोज खान, कटनी विनय पांडे, इटारसी से सुरेंद्र भाटिया, बुरहानपुर शफीक खान, शाजापुर, खरगोन से महेश सोडानी, बालाघाट से पुरन सिंह भाटिया, सिवनी एजाज अहमद, छिंदवाड़ा मनीष, नरसिंहपुर मनवीर सिंह, रतलाम कमलेश मोदी, टीकमगढ से रज्जाक खान, छत्तरपुर से रईस खान, मुरैना प्रमोद शर्मा, होशंगाबाद, रायसेन राजेंद्र सिंह, सिहोर जसवीर सिंह, बेतुल सैयद अली, धार,नीमच, आदि जिलों से ट्रांसपोर्टर्स भोपाल पहुँचे।

# महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए उन्हें सुरक्षित वातावरण देना जरूरी -मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल, यशभारत। मुख्यमंत्री शवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आधी आबादी के साथ न्याय के बिना न देश आगे बढ़ सकता है न समाज। बहन बेटियों की झिझक टूटे, उनका आत्मविश्वास और सम्मान बड़े इसी उद्देश्य से पुलिस बल में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण के साथ-साथ लाड़ली लक्ष्मी, कन्या विवाह जैसी योजनाएं और कार्यक्रम आरंभ किए गए। जब तक हम बहन-बेटी को समाज में बराबरी पर लाकर नहीं खड़ा कर देते, तब तक हम चैन की सांस नहीं लेंगे। इसमें महिला सुरक्षा सबसे अहम है।**



अपराधियों में भय पैदा करने महिला हेल्प डेस्क को वाहन उपलब्ध कराकर गतिशील बनाने और महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव विकसित करने के लिए आरंभ किया गया ÷अभिमन्यु अभियान÷, महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रदेश के थानों में काम कर रही उर्जा महिला हेल्प डेस्क की महिला पुलिस कर्मियों को दोपहिया वाहन प्रदान करने के लिए मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 250 महिला पुलिस कर्मियों की स्कूटर रैली को फ्लैग ऑफ किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों के प्रति पुरुषों को जागरूक करने तथा महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के उद्देश्य से संचालित अभिमन्यु अभियान की पुस्तिका ÷अभिमन्यु÷ का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**बहन-बेटियों का आत्मविश्वास और सम्मान बढ़ेगा**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बेटा-बेटी में भेद और घरेलू हिंसा की विकृत सोच को बदलने की जरूरत है। पुलिस में 30त्न महिलाओं की भर्ती से पीड़ित महिलाओं को थानों में अपनी व्यथा बयान करने और उस पर कार्रवाई कराने में मदद मिली है। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम क्रूर नहीं हैं, किंतु प्राय- यह देखा गया है कि बुरी प्रवृत्ति के लोग कड़ी कार्यवाही के बिना मानते नहीं है, अपराधियों में भय पैदा करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महिला पुलिस कर्मियों का आव्हान किया कि वे आंतरिक देवत्व को जागृत कर दुर्जनों पर कार्यवाही करें और बहन बेटियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में सहयोगी बनें। इससे बहन-बेटियों का आत्मविश्वास और सम्मान बढ़ेगा और पुलिसकर्मियों की यश और कीर्ति का विस्तार होगा।

**महिला सुरक्षा के लिए संचालित अभियानों को निरंतर चलाना जरूरी**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान जैसे महिला सुरक्षा के लिए संचालित किए जाने वाले अभियानों को निरंतर चलाने की आवश्यकता है। अभिमन्यु अभियान महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने और बच्चों व युवाओं में संस्कार विकसित करने में सहायक होगा।

**संकल्प को धरातल पर उतारना कहलाता है सिद्धि - गृह मंत्री डॉ. मिश्रा-** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि संकल्प को धरातल पर उतारना सिद्धि कहलाता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महिलाओं के सशक्तिकरण का जो संकल्प लिया है उसे लगातार वे धरातल पर उतारते जा रहे हैं। जब वे मुख्यमंत्री नहीं थे तब से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये कार्य कर रहे हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना से लेकर लाड़ली बहना तक महिलाओं के आत्मबल को बढ़ाने के लिये जो कार्यक्रम किये जा सकते हैं, वे सभी उन्होंने किये है। प्रदेश में महिलाओं को नौकरियों में आरक्षण के साथ पंचायती राज संस्थाओं में सहभागिता भी सुनिश्चित की है। बेटियों के मान सम्मान के साथ प्रदेश के वातावरण को उनके लिये सुरक्षित बनाने के सभी प्रयास किये जा रहे हैं। जब बेटियों के हाथ में डंडा होता है, तो बाकी मौजूद बेटियाँ स्वयं को सुरक्षित समझती हैं, उनका आत्मबल भी बढ़ता है। महिला पुलिस की उपस्थिति में शक्ति मिलती है। मध्यप्रदेश में ही महिला अपराधों को नियंत्रित करने के लिये दुष्कर्मियों को फाँसी की सजा का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में ÷ऊर्जा महिला हैल्प डेस्क÷ की बेटियों को प्रदाय की गई स्कूटियाँ निश्चित ही महिला अपराध रोकथाम में सहायक होंगी।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पुलिस बैंड पर बज रही ÷मध्यप्रदेश पुलिस हैं हम÷, ÷यह भारत देश है मेरा÷ और ÷सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा÷ गानों की धुन पर 250 दोपहिया वाहनों की रैली को फ्लैग ऑफ किया। कार्यक्रम के आरंभ में पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना ने निर्भया फंड के माध्यम से महिला थानों में स्थापित हेल्प डेस्क की गतिविधियों की जानकारी दी।

# रेल्वे विभाग ने कैलारस में शुरू की अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही



कैलारस , यशभारत। रेल्वे विभाग द्वारा कैलारस में ब्रॉडगेज रेल्वे लाईन श्रीकृष्ण भोजनालय से लेकर हॉस्पिटल की ओर तक जे सी बी से अस्थाई अतिक्रमण को हटाया उल्लेखनीय हे कि रेलवे विभाग द्वारा पूर्व में दो बार स्थाई अतिक्रमण कारियो को नोटिस दिए जा चुके हे आज भी अस्थाई अतिक्रमण को हटाया हे और चिन्हित जग पर स्थाई अतिक्रमण करने बालो को शीघ हटाने की हिदायत दी साथ ही कहा कि अतिक्रमण नहीं हटाया तो फिर प्रशासनिक स्तर पर हटाया जाएगाइस अवसर पर एस के शक्य एस एस सी डिफ्टी चीफ एन सी रेलवे देवेंद्र महाजन ,शैलेन्द्र सिंह ठाकुर नायब तहसीलदार शिवम उपाध्याय पटवारी बी के त्यागी आर पी एफ एस आई रवि शंकर शर्मा आर अ,0ई कैलारस प्रताप सिंह लोधी एस आई थाना कैलारस राम नरेश सिंह भदौरिया आर पी एफ पिंकी यादव आर पी एफ नीलम शर्मा आर पी एफ पंचम सिंह प्रधान आरक्षक विद्युत विभाग के सहायक प्रबंधक मेहरबान सिंह सूर्यवंशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे रेल्वे विभाग के डिप्टी चीफ एन सी रेल एस के शाक्य ने बताया कि हमारा काम प्रभावित हो रहा हे हम इन लोगो को पूर्व में कई नोटिस दे चुके हे आज वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की हे जिसमे हमारे विभाग के साथ साथ राजस्व ,पुलिस, विद्युत विभाग के लोग शामिल हे आगे लोगो ने अपने अतिक्रमण नहीं हटाए तो प्रशासनिक स्तर पर हटाया जायेगे

# ईडी ने हाउसिंग सोसायटी घोटाले में अटैच की करोड़ों की संपत्ति

**भोपाल , यशभारत।** इंदौर के जमीन घोटालों में शामिल अभियुक्तों की प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने करोडों की संपत्ति अटैच कर दी है। ईडी द्वारा अटैच की गई संपत्ति का खरीदी मूल्य 22 करोड़ रुपये हैं, जबकि मौजूदा बाजार मूल्य करीब 500 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट में अटैचमेंट की यह कार्रवाई की गई है। शुक्रवार 28 जुलाई को अटैचमेंट आदेश जारी कर दिया। मई में हुए छापों के बाद जांच आगे बढ़ाते हुए ताजा आदेश जारी किया गया है। मई में ईडी ने प्रतीक संघवी, सुरेंद्र संघवी और दीपक जैन उर्फ दीपक मद्दा के ठिकानों पर छापे मारे थे। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से शुक्रवार शाम अटैचमेंट की कार्रवाई को लेकर ट्वीट भी किया गया। ईडी की जांच के घेरे में आए अभियुक्तों से जुड़ी अहिल्या गृह निर्माण सोसायटी व अन्य संस्थाओं की जमीन घोटाला कर अवैध रूप से बेच कर कालाधन जुटाने को कार्रवाई का आधार बनाया गया है। ईडी ने अभी अटैच की गई जमीन की सूची सार्वजनिक नहीं की है। सूत्रों के अनुसार खजराना, बिचौली मर्दाना, मोरोद क्षेत्र की जमीनें अटैच की गई हैं। ये जमीनें संघवी की कंपनी समता डेवकान या दीपक जैन की मालिकी या उनकी फर्मों के नाम से पंजीकृत है। जिला पंजीयक से जानकारी जुटाकर जमीनों को चिन्हित किया गया। अटैचमेंट व जमीनों की जानकारी जिला पंजीयक और प्रशासन को दी गई है। इन जमीनों का विक्रय अब नहीं हो सकेगा ।प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट में अटैचमेंट की यह कार्रवाई की गई है।

# हिंदी पुस्तकों का एमबीबीएस छात्रों में बेहतर रिस्पांस

## अंग्रेजी माध्यम के छात्र दिखा रहे अब हिंदी पुस्तकों में रुचि

**भोपाल, यशभारत।** अंग्रेजी माध्यम के एमबीबीएस की पढाई कर रहे छात्र हिंदी की पुस्तकों में अब रुचि दिखाने लगे हैं। प्रथम वर्ष की हिंदी माध्यम की पुस्तकों का चिकित्सा विद्यार्थियों में अच्छा प्रतिसाद देखने को मिल रहा है। यह जानकारी एमबीबीएस द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष की हिंदी पुस्तकों के लिप्यंतरण कार्य की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग को बताई। बता दें कि शुक्रवार को मंत्रालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए सभी 13 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के डीन एवं लिप्यंतरण कार्य करने वाले चिकित्सा शिक्षकों के साथ संवाद का आयोजन किया गया था। इस दौरान अधिकारियों ने बताया गया कि सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में हिंदी पुस्तकों का वितरण किया जा चुका है। अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों का कहना है कि हिंदी में कठिन विषयों को समझने में आसानी हो रही है। इस पर मंत्री सारंग ने एक सप्ताह के भीतर फार्म जारी कर विद्यार्थियों से फीडबैक लेने के निर्देश दिए हैं। चिकित्?सा शिक्षा मंत्री सारंग ने बताया कि एमबीबीएस द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष की मेडिकल पुस्तकों के हिंदी लिप्यंतरण के लिए सितंबर माह तक की



टाइमलाइन तैयार की गई है। प्रत्येक 13 मेडिकल कालेजों में हिंदी चिकित्सा प्रकोष्ठ को साफ्टवेयर आधारित एआई के उपयोग के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी 12 विषयों के लिए चिंहित टीम में ट्रांसलिट्रेशन के लिए चैप्टर आवंटित किए जाएंगे, जिसकी कार्य प्रगति को डैशबोर्ड पर दर्ज किया जाएगा। डीएमई हर तीन दिन में एवं सीएमई हर सात दिन में इसकी समीक्षा करेंगे।वहीं विद्यार्थियों की आवश्यकता को देखते हुए और किताबों की मांग भी भेज दी गई है। हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के साथ ही अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों में भी पुस्तकों को लेकर रूचि बढ़ी है।

# कैलाश विजयवर्गीय लगातार चौथी बार बीजेपी महासचिव

**भोपाल (ईएमएस)।** आज इन्दौर में केन्द्र गृह मंत्री अमित शाह की अगुवाई में होने वाले बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन के ठीक पहले इन्दौर के वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश खेर को एक बार फिर भाजपा केन्द्रीय सगंठन में महासचिव मनोनीत किया गया है, कैलाश विजयवर्गीय लगातार चौथी बार बीजेपी महासचिव बनाए गए हैं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्?डा ने शनिवार को पार्टी के केन्द्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की। टीम नड्?डा में जगह बनाने वालों में मप्र से दूसरा नाम सौदान सिंह का है। उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम और वर्तमान विधायक रमन सिंह, सांसद सरोज पांडेय और लता उसेंडी, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधायक वसुंधरा राजे, झारखंड से रघुवर दास, मध्य प्रदेश से सौदान सिंह, उत्तर प्रदेश से सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी, सांसद रेखा वर्मा और विधान परिषद सदस्य तारिक मंसूर, ओडिशा से बैजयंत पांडा, तेलंगाना से डीके अरुणा, नगालैंड से एम चौबा एओ और केरल से अब्दुल्ला कुट्टी। महाराष्ट्र से विजया राहटकर, आंध्र प्रदेश से सत्या कुमार, दिल्ली से अरविंद मेनन, महाराष्ट्र से पंकजा मुंडे, पंजाब से नरेंद्र सिंह रैना, राजस्थान से डॉ. अल्का गुर्जर, पश्चिम बंगाल से अनुपम हाजरा, मध्य प्रदेश से ओमप्रकाश धुर्वे, बिहार से ॠतुराज सिन्हा, झारखंड से आशा लाकड़ा, असम से सांसद कामख्या प्रसाद तासा, केरल से अनिल एंटनी को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है।

## भाजपा की 21 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति घोषित, अनुभवी और नाराज नेताओं को महत्व

# 19 सदस्यीय घोषणापत्र समिति और भाजपा के 57 संगठनात्मक जिलों के जिला संयोजक नियुक्त

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने प्रदेश में 21 सदस्यों वाली चुनाव प्रबंधन समिति की घोषणा शनिवार रात कर दी है। इसमें केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर को संयोजक बनाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें यह जिम्मेदारी इसी माह दी थी। समिति के गठन में उन नेताओं को महत्व दिया गया है, जो पार्टी में लंबे समय से कोई जिम्मेदारी नहीं मिलने या उपेक्षा के कारण नाराज चल रहे थे। अनुभवी नेताओं को भी इसमें शामिल किया गया है। साथ ही हर क्षेत्र और वर्ग के नेताओं को इसमें शामिल किया गया है। 26 जुलाई को भोपाल आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव संबंधी समितियों के जल्द गठन के लिए कहा था। 29 जुलाई को शाह फिर भोपाल आने वाले थे, इसलिए दो दिन में सूची को अंतिम रूप दिया गया। 19 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति और भाजपा के 57 संगठनात्मक जिलों के जिला संयोजक भी नियुक्त कर दिए गए हैं।

### समिति में इन्हें किया गया शामिल

चुनाव प्रबंधन समिति में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते व प्रहलाद पटेल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, मप्र शासन के मंत्री नरोत्तम मिश्रा, भूपेंद्र सिंह, तुलसी सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत, सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, सांसद गजेंद्र पटेल, सांसद गणेश सिंह, विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय विश्नोई, रामपाल सिंह, विधायक प्रदीप लारिया, पूर्व मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, उमाशंकर गुप्ता और पूर्व विधायक हेमंत खंडेलवाल को शामिल किया गया है। आमंत्रित सदस्यों में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश चुनाव प्रभारी व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, प्रदेश सह चुनाव प्रभारी अश्वनी वैष्णव, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव और प्रदेश संगठन महामंत्री के हितानंद भी शामिल हैं। चुनाव प्रबंधन समिति में शिवराज समर्थकों की संख्या ज्यादा है।



### जयंत मलैया बनाए गए वचन पत्र समिति के प्रमुख

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने अध्यक्ष सहित 19 सदस्यों वाली वचन पत्र समिति की घोषणा की है। यह समिति पार्टी का घोषणा पत्र तैयार करने का काम करेगी। इसमें पूर्व मंत्री जयंत मलैया को प्रमुख बनाया गया है। प्रभात झा को सह प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। राजेंद्र शुक्ला, अजय विश्नोई, ओम प्रकाश सकलेचा, लाल सिंह आर्य, लता वानखेड़े, ओम प्रकाश धुर्वे, सुमेर सिंह सोलंकी, डीडी उइके, राज्यवर्धन सिंह, अजय प्रताप सिंह, कवींद्र कियावत, दीपक विजयवर्गीय, एसएनएस चौहान, अतुल सेठ, मनोज पाल यादव, पुष्यमित्र भार्गव और डा. विनोद मिश्रा को सदस्य बनाया गया है।

# विधायक रमेश ने पूर्व सीएम कमलनाथ से कहा ,काशी और मथुरा में अवैध अतिक्रमण हटवाने का समर्थन करें

**भोपाल(ईएमएस)** भाजपा विधायक रमेश मेंदोला ने तीस जुलाई को इन्दौर आ रहे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और कमलनाथ को चिट्ठी लिखकर कहा है कि जानकर मुझे प्रसन्नता हुई कि आप इंदौर में रुद्राभिषेक करने वाले है। अयोध्या में राम जी के मंदिर के निर्माण से देश का वातावरण ऐसा बदल गया है कि एफिडेविट देकर भगवान को काल्पनिक मानने वाले लोग अब अभिषेक करने लगे है। कमलनाथ जी मैं बहुत विनम्रतापूर्वक आपको बताना चाहता हूं कि भगवान शिव भोले मन के है वो छल कपट सहन नहीं करते इसीलिए उनका एक नाम भोलेनाथ है। महोदय इसलिए आपसे आग्रह है कि आप अभिषेक के पहले काशी में ज्ञानवापी परिसर और मथुरा में भगवान कृष्ण की जन्मभूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कर हिंदू समाज को सौंपने के सनातन संकल्प को समर्थन देने की घोषणा करे और इसके बाद ही अभिषेक करें। महोदय यदि आप खुले मन से भगवान की भक्ति करना चाहते है तो महाकाल और ओंकारेश्वर के बीच देवी अहिल्याबाई की पुण्यभूमि इंदौर से काशी और मथुरा में अतिक्रमण हटाकर हिंदू समाज को उसका के संकल्प को समर्थन देने में आपको कोई तकलीफ नहीं होगी और यदि आप राजनीतिक प्रपंच के चलते भक्ति का ढोंग कर रहे है तो महोदय भगवान शिव संहारकालमें भयंकर रूप धारण कर संहार करनेवाले उग्र भी है उनका क्रोध कांग्रेस के विसर्जन की गांधीजी की अंतिम इच्छा को पूर्ण कर देगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा विधायक रमेश मेंदोला के उक्त पत्र पर अभी तक किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई है।

# कॉकरोच पाये जाने पर होशंगाबाद रोड़ स्थित बावर्ची रेस्टोरेंट की लाइसेंस निलंबित



**भोपाल(ईएमएस)।** मिलावट से मुक्ति अभियान के अन्तर्गत कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह के निर्देशानुसार किये जा रहे निरीक्षण के दौरान होशंगाबाद रोड़, भोपाल स्थित खाद्य प्रतिष्ठान बावर्ची रेस्टोरेंट के किचिन में अस्वच्छता एवं अत्यधिक संख्या में कॉकरोच पाये जाने के कारण अभिहित अधिकारी देवेन्द्र कुमार वर्मा के द्वारा प्रतिष्ठान की खाद्य अनुज्ञप्ति निलंबित की गई है। निरीक्षण के दौरान कच्चे खाद्य पदार्थों के बीच कॉकरोच के समूह पाये गये जिससे पकाये जा रहे खाद्य पदार्थों के दूषित होने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुये खाद्य अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित कर व्यवसाय को बंद करने हेतु आदेश पारित किया गया है।

**खाद्य सुरक्षा के 15 प्रकरणों पर लगभग 14 लाख का जुर्माना लगाया गया**

**खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा प्रस्तुत किये गये 15 प्रकरणों में आदेश पारित करते हुये न्यायङ्गनिर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी हरेन्द्र नारायन के द्वारा 13 लाख 80 हजार जुर्माना अधिरोपित किया गया है।परित निर्णयों में बेस्ट प्राइज (वालमार्ट), होशंगाबाद रोड़ के विरूद्ध अमानक खाद्य पदार्थों के विक्रय के आरोप में लगाये गये दो प्रकरणों में ढाई लाख रूपये, अमानक पनीर विक्रय करने के आरोप में मुरैना निवासी विकास शर्मा के विरूद्ध दो लाख, मंगलवारा स्थित महेन्द्र मावा भण्डार के विक्रेता अनिरूद्ध राजपूत के विरूद्ध अमानक मावा, पनीर और मिल्क केक विक्रय करने के आरोप में 1लाख 50 हज़ार, मुरैना स्थित राठी ऑइल मिल के विरूद्ध अमानक खाद्य तेल के निर्माण एवं विक्रय के आरोप में एक लाख रूपये, हमीदिया रोड़ स्थित नर्मदा फ्रेश बिवरेजेस इंडिया एल.एल.पी. के विरूद्ध मिथ्याछाप पानी निर्माण एवं विक्रय के आरोप में एक लाख रूपये का जुर्माना शामिल है।**

जुर्माना | दस हजार के अर्थदंड से किया दंडित

# फर्जी अंकसूची से नौकरी करने वाले शिक्षक को 5 साल की सजा




भ्रोपाल (ईएमएस)। सिरौंज न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम सिरोंज जिला विदिशा द्वारा कक्षा दसवीं एवं 12वीं की राज्य ओपन की फर्जी मार्कशीट से अतिथि शिक्षक की नौकरी करने वाले ग्राम काजी खेड़ी के सरपंच पति इख्लास खान निवासी ग्राम काजी खेड़ी एवं धनराज धाकड़ निवासी ग्राम बरेंडा पांच 5 साल के सश्रम कारावास एवं ?10000, 10,000 के अर्थदंड से दंडित किया है

शासकीय अधिवक्ता मनीष वर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार फरियादी राजकुमार शर्मा एडवोकेट ने पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सिरोंज को दिनांक 21 जनवरी 2017 को एक शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि धनराज धाकड़ निवासी ग्राम बारेंडा एवं इख्लास खान कक्षा 10 एवं 12वीं की राज ओपन की फर्जी अंकसूची लगाकर अतिथि शिक्षक की नौकरी कर लाभ अर्जित कर रहे हैं थाना सिरोंज द्वारा अपराध क्रमांक 244 वर्ष 2017 धारा 420 467 468 471 आईपीसी के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया इस मामले में धनराज धाकड़ से माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल राज्य ओपन की कक्षा दसवीं एवं इख्लास खा से कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12 की अंकसूची पुलिस ने जप्त की थी धनराज धाकड़ एवं इख्लास खान द्वारा ग्राम काजी खेड़ी शासकीय प्राथमिक शाला में दिनांक 1 दिसंबर 2011 से 6 मार्च 2017 तक अतिथि शिक्षक की नौकरी कर लाभ अर्जित किया था सिरोंज पुलिस द्वारा इस फर्जीवाड़े के मामले में धनराज धाकड़ इख्लास खान तथा राकेश शर्मा को आरोपी बनाया गया था राकेश शर्मा के खिलाफ साक्ष ना होने की दशा में उसे बरी कर दिया गया । तथा इख्लास खान एवं धनराज धाकड़ दोनों आरोपीयों को दस दस हजार रुपए के अर्थदंड से एवं पांच पांच साल के सश्रम कारावास की सज़ा से दंडित किया है इख्लास खान ग्राम पंचायत कांजी खेड़ी के सरपंच के पति हैं धनराज एवं इकलस खान को सजा के बाद उप जेल लटेरी भेजा गया है।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए महाविद्यालयों में कैंप का आयोजन

**भोपाल, यशभारत।** सागर के नरयावली विधानसभा क्षेत्र 40 के अंतर्गत समस्त महाविद्यालयों में विशेष कैंप का आयोजन लगातार किया जा रहा है एवं नए मतदाताओं की नाम जोड़े जा रहे हैं एवं अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सागर एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विजय डहेरिया ने विधानसभा क्षेत्र 40 नरयावली द्वारा सभी बीएलओ को एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को निर्देशित किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएं।

# सिगरेट पीने की शिकायत पर छात्र ने छात्र की चाकू मारकर की हत्या

**भोपाल, यशभारत।** कक्षा 11 वीं के एक छात्र ने अपनी सीनियर 12 वीं के छात्र की चाकू घोपकर हत्या इसलिए कर दी कि उसने उसके सिगरेट पीने की शिकायत अपने टीचर से कर दी थी। इंदौर पुलिस ने 17 वर्षीय आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है । मृतक का नाम समर्थ कुशवाह उम्र 18 वर्ष निवासी काशीपुरी है । घटना तुकोगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत न्यू पलासिया स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल की है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि समर्थ ने आरोपित छात्र को सिगरेट पीते हुए देखा तो शिक्षक से शिकायत कर दी । इसके बाद आरोपित छात्र समर्थ से नाराज था शुक्रवार को उसने समर्थ को स्कूल के बाहर मिलने बुलाया । वहां स्कूल के दूसरे छात्र भी मौजूद थे ।



बातचीत के दौरान समर्थ और आरोपित के बीच विवाद होने लगा । आरोपित ने समर्थ से कहा कि तूने सिगरेट पीने की शिकायत सर से क्यों की और उसने समर्थ को चाकू घोप दिया । समर्थ को उपचार के लिए तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया , जहां उसे आइसीयू में भर्ती किया गया । रात में समर्थ की मौत हो गई । तुकोगंज थाना प्रभारी कमलेश शर्मा के अनुसार आरोपित शुक्रवार सुबह से समर्थ को मारने की फिराक में था । उसने अपने दोस्तों से इस संबंध में बात भी की थी समर्थ को भी दोस्तों के जरिए इस बात की भनक लग चुकी थी फिर भी ये हादसा हो गया।



# छात्रावासों की हालत सुधारने बनाई जा रही कार्ययोजना, सुविधाएं बढ़ेंगी

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में संस्थान विकास समिति जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह, नगर निगम उपायुक्त पवन अहिरवार, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एम.पी.डुंगडुंग प्रोफेसर डाइट योगेन्द्र असाटी, छात्र विभांशु सिंह एवं महरूत खातून सहित अन्य जनों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा छात्रों की संख्या की जानकारी ली जाकर उनकी सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उनके साथ बैठक आहूत कर बाहर रहने में छात्रों को होने वाले व्यय की जानकारी एकत्रित कर उनकी सहमति के आधार पर मैस, हॉस्टल व्यवस्था, खेल कूद व्यवस्था केयर टेकर, सुरक्षा गार्ड आदि में होने वाले व्यय की जानकारी से छात्रों को अवगत कराकर उपरोक्त व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में परिषद की बैठक के दौरान संस्थान विकास समिति की सदस्य श्रीमती मुजुला विश्वकर्मा प्राधानाध्यापक शासकीय माध्यमिक शाला राबर्ट लाईन के सेवानिवृत्त होने के कारण नवीन सदस्य के मनोनयन तथा अकादमिक पद पूर्ति शासकीय प्राथमिक शालाओं तथा माध्यमिक शालाओं में कार्यरत अतिशेष शिक्षकों को डाइट में अध्यापन कार्य हेतु विचार विमर्श किया जाकर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान स्वान कनेक्शन के नेटवर्क न मिलने के कारण कार्य प्रभावित होनें की समस्या से अवगत कराये जाने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा टोल फ्री नंबर पर शिकायत कर समस्या का निराकरण करानें के निर्देश दिए गए। डाइट कटनी के केन्द्रीय विद्यालय पहुंच मार्ग एवं तिलक कॉलेज रोड पहुंच मार्ग के साईन बोर्ड लगवानें तथा रोड की लाईट की समस्या के निराकरण हेतु कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नगर निगम उपायुक्त पवन अहिरवार एवं उपयंत्री जे.पी.सिंह बघेल को निर्देशित किया गया। संस्थान में पुरूष छात्रावास एवं चार आवासीय कक्षों की मरम्मत एवं रंगाई पुताई, वाहन स्टेण्ड, टायलेट, मेन गेट पर साईन बोर्ड बाउन्ड्रीवाल आदि के संबंध में नियमानुसार प्रस्ताव तैयार करनें के साथ ही सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था हेतु कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रावधान अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**छात्रों को मैस की सुविधा उपलब्ध कराने करें आवश्यक कार्यवाही - कलेक्टर**

# मुख्यमंत्री ने 6 हितग्राहियों को धारणाधिकार योजना के तहत दिया जमीन का मालिकाना हक

**जमीन का मालिकाना हक मिलने से चेहरे पर लौटी मुस्कान**

**कटनी, यशभारत।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विकास पर्व के तहत बीते गुरूवार को बडगांव में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नगरीय भू अधिकार धारणाधिकार योजना के तहत कटनी के माधवनगर के 6 हितग्राहियो को जमीन का मालिकाना हक प्रदान किया है। इन परिवारों को तीस वर्षो के बाद पहली बार मुख्यमंत्री के निर्देश पर पट्टा प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बडगांव में जिन हितग्राहियों को नजूल भूमि का पट्टा प्रदान किया गया है। उनमें माधवनगर कटनी के निवासी परमानंद सचदेवा पिता सच्चानंद सचदेवा को 183 वर्ग मीटर का पट्टा 8784 रूपए की प्रीमियम पर प्रदाय किया गया है। जिसका बाजार मूल्य 8 लाख 78 हजार 4 सौ रूपए है। रमेश टेहलानी पिता देवन दास टेहलानी को 196 वर्गमीटर का पट्टा 25 हजार 872 रूपये की प्रीमियम पर प्रदान किया गया है। जिसका बाजार मूल्य 25 लाख 87 हजार 200 रूपये है।

मनुज टेहलानी पिता रमेश कुमार टेहलानी को 61 वर्ग मीटर का पट्टा 8 हजार 52 रूपये प्रीमियम पर प्रदान किया गया है जिसका बाजार मूल्य 8 लाख 5 हजार 200 रूपये है। रेणू आहूजा पति किशोर आहूजा को 104.55 वर्गमीटर का पट्टा 13 हजार 800 रूपये की प्रीमियम पर दिया गया है। जिसका बाजार मूल्य 13 लाख 80 हजार 60 रूपये है। इसी प्रकार रेनू आहूजा पति कन्हैया लाल को 197 वर्ग मीटर का पट्टा 14 हजार 184 रूपये प्रीमियम पर दिया गया है। जिसका बाजार मूल्य 14 लाख 18 हजार 400 रूपये है। इसके अलावा विजय कुमार मूलचंदानी पिता घनश्याम दास मूलचंदानी को 93 वर्गमीटर का पट्टा 12 हजार 276 रूपये की प्रीमियम पर प्रदान किया गया है। जिसका बाजार मूल्य 12 लाख 27 हजार 600 रूपये है। राज्य शासन के निर्देशानुसार नजूल भूमि पर 31दिसंबर 2020 या उसके पूर्व से अधिपत्य धारक को धारणाधिकार योजना के तहत अधिभोग के भूखंड के 30 वर्षीय स्थाई पट्टे जारी करने के निर्देश है । वर्तमान में माधव नगर क्षेत्र के निवासियों द्वारा अब तक कलेक्ट्रेट में 1320 ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। जिनके त्वरित निराकरण का सिलसिला जारी है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु तहसीलदार कटनी शहर एवं तहसीलदार नजूल के नेतृत्व में जांच दलों का गठन किया है।




# सीएम राइस मॉडल स्कूल में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर



**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष धरमिन्दर सिंह राठौड के मार्गदर्शन में, आज 28 जूलाई को सीएम राईस मॉडल स्कूल झिंझरी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित धर्मेन्द्र कुमार सिंह षष्ठम जिला न्यायाधीश कटनी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं) 2015 के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने उपस्थित बच्चों को संविधान के मौलिक अधिकार, मोटर दुर्घटना व उनके नियम, बाल अपराध से संबंधित विषय आदि महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। उक्त अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी निलेश कुमार जिरेती, जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुज चंसोरिया, स्कूल के प्राचार्य अजय शंकर पाण्डेय, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# आई फ्लू से बचाव के लिये सावधानियां बरतने की सलाह

**कटनी, यशभारत।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को नेत्र संक्रमण (आई फ्लू) की रोकथाम के लिये जन-जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिये गये हैं। एनएचएम द्वारा जारी निर्देश में आमजन से आई फ्लू से बचाव के लिये जरूरी सावधानियाँ बरतने के लिये कहा गया है। वर्तमान में आई फ्लू की शिकायतें मिल रही हैं। आई फ्लू की रोकथाम के लिये नागरिक जरूरी सावधानियाँ बरतें। अपनी आँखों को छूने से पहले हाथ आवश्यक रूप से धोएँ। संक्रमित व्यक्ति अपना टॉवेल, तकिया, आई ड्रॉप आदि उपयोग की गई वस्तुओं को घर के अन्य सदस्यों से अलग रखें। स्वीमिंग पूल और तालाबों के प्रयोग से बचें। आँखों के सौंदर्य प्रसाधनों का उपयोग नहीं करें। साफहाथों से अपनी आँखों के आसपास किसी भी प्रकार के स्त्राव को दिन में कई बार साफगीले कपड़े से धोएँ। यदि आँखों में लालिमा हो, तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से परामर्श लें। चिकित्सक के परामर्श के बिना किसी भी ड्रॉप का उपयोग नहीं करें

# वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुधा राष्ट्रीय अलंकरण से विभूषित

**कटनी,यशभारत।** मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी, मध्य प्रदेश संस्कृत परिषद द्वारा रविंद्र भवन भोपाल में सुश्री उषा ठाकुर मंत्री संस्कृति पर्यटन धार्मिक एक धर्मस्व मध्यप्रदेश शासन, शिव शेखर शुक्ला प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, आदित्य कुमार त्रिपाठी संचालक संस्कृति एवं फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा की उपस्थिति में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर सुधा गुप्ता अमृता को उनकी कृति चलें भ्रमण की ओर को यात्रा वृतांत विधा पर मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के सबसे बड़े सम्मान अखिल भारतीय स्तर पर प्रोफेसर विष्णुकांत शास्त्री सम्मान से अलंकृत किया गया। पूरे देश से पधारे 123 साहित्यकार एवं दर्शकों से भरे हाल में डॉ. सुधा गुप्ता को मंचासीन अतिथियों ने सम्मान स्वरूप उन्हें एक लाख की राशि शॉल श्रीफल अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. सुधा गुप्ता की अब तक करीब 20 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं । ज्ञात हो कि उन्होंने बाल साहित्य में ही पीएचडी की है । डॉक्टर सुधा गुप्ता को 2014-15 में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए महामहिम राष्ट्रपति द्वारा दिल्ली में राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी द्वारा सम्मानित किया जा चुका है । उनकी साहित्यक शैक्षिक और सामाजिक सेवाएं उल्लेखनीय हैं । ज्ञात हो कि कटनी जिले का साहित्यिक इतिहास गजट ईयर भी डॉक्टर सुधा गुप्ता के द्वारा मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के आदेशानुसार तैयार किया गया है जिसे शीघ्र ही पुस्तक के रूप में प्रकाशित किए जाने की घोषणा भी सम्मानित मंच से मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉक्टर विकास देवी जी के द्वारा की गई यह कटनी जिले के लिए गौरव की बात है



# प्रक्रिया को प्रभावी बनाने लोक अदालत शिविर के लिए क्लस्टर्स एवं दल का गठन

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के द्वारा समाधान आपके द्वार योजना के अंतर्गत 5 अगस्त को आयोजित होने वाली लोक अदालत शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरणों के मध्य अधिक प्रभावकारी तरीके से समन्वय के साथ कार्य करने के लिए अनुभाग तथा तहसील एवं जिला स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाकर राजस्व न्यायालयों के खण्डपीठ का गठन किया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिला एवं अनुभाग स्तर पद पर अपर कलेक्टर कटनी को जिला नोड़ल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी क्षेत्र के अनुभाग कटनी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ढ़ीमरखेड़ा क्षेत्र के अनुभाग ढीमरखेड़ा राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहोरीबंद क्षेत्र के अनुभाग बहोरीबंद राजस्व तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजयराघवगढ़ क्षेत्र के अनुभाग विजयराघवगढ़ राजस्व को नियुक्त किया गया है। अनुविभाग कटनी राजस्व हेतु उपखंड मजिस्ट्रेट कटनी तथा एल-2 स्तर के अधिकारियों के 9 अधिकारियों तहसीलदार कटनी नगर, तहसीलदार कटनी ग्रामीण तथा नजूल, तहसीलदार रीठी, तहसीलदार बड़वारा, सर्व नायब तहसीलदार अनुभाग कटनी, थाना प्रभारी, उपखंड अधिकारी (वन), कनिष्ठ यंत्री म.प्र.वि. मंड़ल कटनी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी पर नियुक्ति की गई है। एल-1 स्तर के अधिकारी तथा कर्मचारी के पदों बीटगार्ड़ आरक्षक, प्रधान आरक्षक, पटवारी, कोटवार, लाईनमैन, पी.एल.व्ही. पर नियुक्ति की गई है। क्लस्टर का नाम अनुविभाग विजयराघवगढ़ (राजस्व) पद उपखंड मजिस्ट्रेट विजयराघवगढ़, एल-2 स्तर के अधिकारियों के 7 अधिकारियों तहसीलदार विजयराघवगढ़, तहसीलदार बरही, सर्व नायब तहसीलदार अनुभाग विजयराघवगढ़, थाना प्रभारी, उपखंड अधिकारी (वन), कनिष्ठ यंत्री म.प्र.वि. मंडल कटनी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी पर नियुक्ति की गई है । एल-1 स्तर के अधिकारी/कर्मचारी के पदों बीटगार्ड़, आरक्षक, प्रधान आरक्षक, पटवारी, कोटवार, लाईनमैन, पी.एल.व्ही. पर नियुक्ति की गई है। क्लस्टर का नाम अनुविभाग बहोरीबंद (राजस्व) पद उपखंड मजिस्ट्रेट बहोरीबंद एल-2 स्तर के अधिकारियों के 7 अधिकारियों तहसीलदार बहोरीबंद, तहसीलदार स्लीमनाबाद, सर्व नायब तहसीलदार अनुभाग बहोरीबंद, थाना प्रभारी, उपखंड अधिकारी (वन), कनिष्ठ यंत्री म.प्र.वि. मंडल कटनी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी पर नियुक्ति की गई है। एल-1 स्तर के अधिकारी/कर्मचारी के पदों बीटगार्ड़, आरक्षक, प्रधान आरक्षक, पटवारी, कोटवार, लाईनमैन, पी.एल.व्ही. पर नियुक्ति की गई है। क्लस्टर का नाम अनुविभाग ढीमरखेडा (राजस्व) पद उपखंड मजिस्ट्रेट ढीमरखेडा एल-2 स्तर के अधिकारियों के 9 अधिकारियों तहसीलदार ढीमरखेडा सर्व नायब तहसीलदार, अनुविभाग ढीमरखेडा, थाना प्रभारी, उपखंड अधिकारी(वन), कनिष्ठ यंत्री म.प्र.वि. कटनी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी पर नियुक्ति की गई है। एल-1 स्तर के अधिकारी तथा कर्मचारी के पदों बीटगार्ड़, आरक्षक, प्रधान आरक्षक, पटवारी, कोटवार, लाईनमैन, पी.एल.व्ही. पर नियुक्ति की गई है।




# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशानुसारए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कटनी जिले में शिशिर गेमावत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह नोडल अधिकारी स्वीप के मार्ग दर्शन में सहायक नोडल अधिकारी स्वीप केण्केण् डेहरिया एवं डॉण् एसण्केण्खरे प्राचार्य तिलक कॉलेज के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। आयोजित गतिविधियों के दौरान शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में शुक्रवार को लोक गीत एवं लोक नृत्य नाटिका गतिविधि द्वारा छात्र.छात्राओं को जागरूक किया गया एवं शासकीय महिला महाविद्यालय में श्रीमति संध्या तिवारी एवं स्वीप प्रभारी श्री फैज़ मोहम्मदए श्री संदीप पुरवार के द्वारा मतदाता शपथ दिलाई गई। इस दौरान महाविद्यालय से डॉ आर के गुप्ता प्राचार्य श्रीमती रीना मित्राण् एम खरादीए प्रो भारद्वाज एवं महाविद्यालय की छात्रायें उपस्थित में बहुत ही उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता अभियान में शपथ लेते हुये मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की व लोगों को मतदान हेतु जागरूक करने हेतु प्रतिबद्ध किया गया।

# सो रहे मजदूर को हाइवा ने कुचला

**कुटेश्वर माइंस में दर्दनाक हादसा**

**कटनी, यशभारत।** बरही थाना अंतर्गत कुटेश्वर माइंस में काम करने के बाद सो रहे एक मजदूर को अज्ञात वाहन ने कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक 17 वर्षीय अभय पिता रक्कू कोल तुलसी राम सोनी के ट्रक का खलासी था। वह काम करने के बाद कुटेश्वर माइंस के विभागीय प्लांट के पास सो रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात हाइवा वाहन ने कुचल कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना बीती रात की है। मृतक अपने गौरतलाई स्थित ननिहाल में रहता था। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में पुलिस जुट गई है।

# महिला से छेड़छाड़ के आरोपी को एक वर्ष का सश्रम कारावास

**कटनी, यशभारत।** खेत में चारा काट रही एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को न्यायालय ने सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुदित लटौरिया ने आरोपी रीठी निवासी जगतलाल पटेल को महिला से छेड़छाड़ करने के आरोप में धारा 354 में दोषी पाते हुए 1 वर्ष के सश्रम कारावास और 2000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। मीडिया सेल प्रभारी सुरेन्द्र गर्ग ने बताया कि प्रकरण 1 अक्टूबर 2016 का है। रीठी थाना क्षेत्र स्थित गांव में पीड़िता खेत में चारा काट रही थी। इसी दौरान आरोपी पहुंचा और उससे छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो इसी बात पर आरोपी जगतलाल ने उसे बुरी नियत से पकड़ लिया। पीड़िता किसी तरह भागी और अपने पति को सूचना दी। जिसके बाद पीड़िता के लिखित शिकायत आवेदन पर थाना रीठी में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण की विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने आदेश पारित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी ज्योति झारिया सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा की गई।

# केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी में द्वितीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम की तैयारी तेज

कटनी, यशभारत। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की तीसरी वर्षगाँठ पर आई टी पी ओ प्रगति मैदान नई दिल्ली में दो दिवसीय द्वितीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम का शुभारम्भ होगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं कौशल विकास मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है जिसमे विभिन्न विषयों की प्रदर्शनी लगायी जाएगी। उद्घाटन समारोह का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा। केंद्रीय विद्यालय न. 1 आयुध निर्माणी कटनी में उपरोक्त विषय से सम्बंधित एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। केंद्रीय विद्यालय संगठन के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में एन ई पी 2020 लागू हो चुकी है, केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का अनुपालन कर रहा है। विद्यालयों में नई शिक्षा नीति 2020, 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुकूल व्यापक–आधारित, लचीली, बहु–विषयक शिक्षा के माध्यम से भारत को एक जीवंत, ज्ञान समाज और वैश्विक ज्ञान महाशक्ति में बदलने का संकल्प ले कर चल रही है।

केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी कटनी ने एनईपी 2020 के अनुसार महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं, जिनके अंतर्गत 'प्रवेश आयु का पुनर्निर्धारण' करते हुए विद्यालय ने शैक्षणिक प्रकृति और पाठ्यचर्या संबंधी आवश्यकताओं के आधार पर 5334 डिज़ाइन लागू किया है। निपुण पहल' के साथ विद्यालय ने बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल के महत्व पर जोर देते हुए समझ और संख्यात्मकता के साथ पढ़ने में प्रवीणता के लिए राष्ट्रीय पहल (निपुण) में सक्रिय रूप से भाग लिया है। विद्या प्रवेश के अंतर्गत एनसीईआरटी द्वारा विकसित त्रैमासिक खेल आधारित स्कूल प्रिप्रेशन माड्यूल लागू किया गया है। दीक्षा पोर्टल पर उपलब्ध 'जादुई पिटारा शिक्षण सामग्री' द्वारा विद्यालय-शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ एफएस) पर आधारित नवीन शिक्षण साधनों को अपनाया है। एनईपी 2020 में माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए विद्यालय सक्रिय रूप से हितधारकों के रूप में माता-पिता को शामिल कर सीखने और विकास के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। विद्यांजलि पोर्टल एक समुदाय तथा स्वयंसेवक प्रबंधन कार्यक्रम का समर्थन करता है, केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी कटनी सहित सभी 1250 केवीएस विद्यांजलि पोर्टल पर हैं। पीएम ई-विद्या नामक एक व्यापक पहल शिक्षार्थी तक सुसंगत मल्टी-मोड पहुंच को सक्षम करने के लिए डिजिटल,ऑनलाइन, ऑन-एयर शिक्षा को एकजुट करती है। केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी कटनी अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से छात्रों के विभिन्न कौशलों का विकास कर रहा है। केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी कटनी जिले में पीएमश्री स्कूल के रूप चयनित हुआ है। केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी कटनी में कौशल विषय व्यावसायिक शिक्षा के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने और बच्चों की स्कूल अवधि के दौरान कौशल विकसित करने के लिए, कक्षा आठवीं से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक व्यावसायिक विषय के रूप में पेश किया गया है। 2022-23 में छठी से आठवीं कक्षा के लिए मनोरंजक पाठ्यक्रम के रूप में प्री-वोकेशनल कौशल जैसे बढ़ईगिरी, इलेक्ट्रीशियन, मिट्टी के बर्तन आदि को शामिल किया गया है। केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी कटनी शिक्षा मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की पहल के साथ सभी हितधारकों,छात्रो, अभिभावकों, शिक्षकों और समाज के सभी लोगों से इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनने की अपील करता है। एन.ई.पी 2020 के कार्यान्वयन के तीसरे वर्ष का उत्सव भारत में भविष्य के लिए तैयार और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी शिक्षा प्रणाली बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य श्री राकेश कुमार शेजवार और केंद्रीय विद्यालय एन के जे कटनी के प्राचार्य आर एन सिंह ने भी अपने महत्वपूर्ण विचार रखे।

# मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के तहत 31 तक भरे जाएंगे आवेदन

**उचित मूल्य दुकानों पर खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री के परिवहन हेतु बेरोजगार युवकों को बैंक के माध्यम से कराया जायेगा ऋण उपलब्ध**

**कटनी, यशभारत।** मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के क्रियान्वयन हेतु मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सपलाईज कार्पोरेशन के प्रदाय केन्द्र से उचित मूल्य दुकानों पर खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री के परिवहन हेतु बेरोजगार युवकों को बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराकर वाहन दिये जाने है। जिस हेतु 15 सेक्टरों का निर्धारण किया गया है। उक्त 15 सेक्टर में से 14 सेक्टरों हेतु आवेदन प्राप्त हो चुके है। शेष 1 सेक्टर क्रमांक 13 हेतु हितग्राहियों की आवश्यकता है जिसके लिए 28 जुलाई से 07 अगस्त 2023 तक ऑनलाईन आवेदन बेवसाइट पर किया जाना है। योजना के तहत विकासखण्ड बाहोरीबंद के सेक्टर क्रमाक 13 हेतु के आवेदन हेतु निर्धारित अहर्ता के तहत आवेदक को संबंधित सेक्टर की जनपद पंचायत का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक की उम्र 18 से 45 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। परिवार की अधिकतम वार्षिक आय 12 लाख रूपये, हैवी मोटर व्हीकल संचालन हेतु स्थाई वैध लायसेंस धारक, बैंक से ऋण प्राप्त करने की पात्रता के तहत डिफाल्टर न हो, शासकीय सेवक और पेंशनर न हो, सेवानिवृत्त सैनिक को पात्रता, चयनित वाहन का कोटेशन, आवेदक अन्य स्व-रोजगार योजना में लाभांवित नहीं होना चाहिए तथा आवेदक अपराधिक प्रवृति एवं पृष्ठभूमि का नहीं होना चाहिए।

**ऋण हेतु स्वीकृति की पात्रता**

हितग्राही को वाहन मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनांतर्गत उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें ऋण अवधि 7 वर्ष होगी तथा ब्याज अनुदान 3 प्रतिशत वार्षिक है, ऋण गारंटी (जी.जी.टी.एम.एस.ई) शुल्क की वापसी, विभाग द्वारा अधिकतम 1.25 लाख रूपए प्रति वाहन मार्जिन मनी अनुदान दिया जायेगा। हितग्राही द्वारा 1.25 लाख रूपये प्रति वाहन मार्जिन मनी जमा करना होगी।

**योजना के मुख्य प्रावधान**

जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला ने बताया कि योजना के प्रावधानों के तहत बैंक के माध्यम से अधिकतम 25 लाख रूपये की कीमत के वाहन उपलब्ध कराये जायेंगे। हितग्राही को 7.5 टन क्षमता का वाहन क्रय करना होगा। खाद्यान्न मात्रा एवं दूरी अनुसार 45 से 65 रूपए प्रति क्विंटल परिवहन एवं हैंडलिंग व्यय देय होगा। अन्य योजना के खाद्यान्न, शक्कर, नमक के परिवहन पर विभाग द्वारा निर्धारित परिवहन व्यय का भुगतान किया जावेगा। सेक्टरवार परिवहन एवं हैण्डलिंग दरें पोर्टल पर उपलब्ध है। विभाग द्वारा सूचीबद्ध वाहनों में से हितग्राही द्वारा वाहन का चयन किया जावेगा। राशन सामग्री के परिवहन हेतु हितग्राही से 7 वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा। शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु वाहनों पर प्रदर्शन योजना के संबंध में जानकारी विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध है। योजना के संबंध मे जानकारी कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा एवं राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 0755-2551471 पर प्राप्त की जा सकती है।

# प्रधानमंत्री आवासों को पूर्ण कराए जाने हेतु प्रयास जारी



## राशि का दुरुपयोग करने वाले 37 पीएम आवास हितग्राहियों को एसडीएम कटनी के जारी नोटिस पर हुई पेशी

**कटनी,यशभारत।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिले भर में पात्र हितग्राहियों को चयन के उपरांत लाभान्वित कराए जाने का सिलसिला जारी है। इसके बावजूद कुछ हितग्राहियों द्वारा प्राप्त किस्तों की राशि का दुरुपयोग कर आवास पूर्ण नहीं कराए जा रहे हैं। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने सख्ती बरतते हुए ऐसे हितग्राहियों को चिन्हांकित करते हुए अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने अथवा राशि का दुरुपयोग करने वाले हितग्राहियों से राशि वसूली की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए थे। फलस्वरूप जनपद पंचायत कटनी के सीईओ के प्रस्ताव पर अनुविभागीय दंडाधिकारी ;एसडीएमद्ध ने ऐसे 37 हितग्राहियों को नोटिस जारी किए थे। इसके पश्चात आज हितग्राहियों ने पेशी में उपस्थित होकर शीघ्र आवास पूर्ण कराए जाने हेतु अधिकारियों को आश्वस्त किया। पेशी के दौरान अपना पक्ष रखते हुए कुछ हितग्राहियो ने प्राप्त राशि को अन्य प्रयोजनों में खर्च होना जैसे बेटी की शादी में खर्चए किसी ने बड़ा आवास बनाया जाना बताया। कुछ हितग्राहियों ने सगे संबंधियों, परिजनों और मित्रों से आर्थिक सहायता प्राप्त कर आवास पूर्ण कराने हेतु एक माह का समय चाहा। अधिकारियों ने हितग्राहियों से वांछित समय में अपूर्ण आवासों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया।

# फाइनल में हुई गड़बड़ी के बाद विश्व कप के दौरान बारिश से निपटने के लिए खास तैयारी कर रहा है बीसीसीआई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 फाइनल के दौरान, अहमदाबाद में भारी बारिश की वजह से शुरू हुई परेशानी के बाद बीसीसीआई वनडे विश्व कप 2023 के दौरान बारिश से संबंधित मुश्किलों को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. कुछ विश्व कप वेन्यू पर अक्टूबर और नवंबर के महीनों में बारिश की संभावना हैं, ऐसे में उन चुनिंगा स्टेडियम में बारिश कवर के साथ पूरा मैदान कवरेज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है. खेल गांव में नहीं, 5-स्टार होटल में रुकेगी रुतुराज गायकवाड़, हरमनप्रीत कौर की टीम इंडिया विश्व कप 2023 मैचों की टिकट पर जय शाह का बड़ा ऐलान, इस दिन शुरू होगी टिकटों की बिक्री वनडे विश्व कप 2023 के दौरान स्टेडियम में फैंस को मिलेगा फ्री पानी, क्चष्टढ्ढ ने किए बड़े वादे फुल ग्राउंड रेन कवर स्थापित करने के फैसला का लक्ष्य टूर्नामेंट को खराब मौसम की वजह से होने वाली रुकावटों से सुरक्षित रखने और प्रशंसकों और खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा क्रिकेट अनुभव बनाना है. बीसीसीआई 2023 वनडे विश्व कप को सफल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है. आईपीएल 2023 फाइनल के दौरान अहमदाबाद में भारी बारिश की वजह से स्टैंड से पानी भर गया था जिससे स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को काफी परेशानी हुई थी. वहीं बारिश के पानी की वजह से कई फैंस की टिकट खराब हो गई थी, जिसके बाद उन्हें रिजर्व डे के दिन स्टेडियम में री-इंट्री करने में काफी मुश्किल हुई. बीसीसीआई ने अपने बुनियादी ढांचे के नवीनीकरण के लिए हर वनडे विश्व कप 2023 स्थल को 50 करोड़ रुपये आवंटित करने का सक्रिय कदम उठाया है. इस राशि का उपयोग सुविधाओं को बेहतर करने और फैंस के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा. फुल ग्राउंड रेन कवर की स्थापना के अलावा, आवंटन का उद्देश्य आयोजन स्थलों पर बैठने की व्यवस्था, विश्राम कक्ष सुविधाओं और सुरक्षा उपायों को बढ़ाना है, जिससे क्रिकेट प्रेमियों को विश्व स्तरीय खेल तमाशा पेश किया जा सके.वनडे विश्व कप 2023 को अहमदाबाद, चेन्नई, मुंबई, धर्मशाला, दिल्ली, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, लखनऊ और कोलकाता सहित भारत भर में दस आधिकारिक स्थानों पर आयोजित किया जाएगा. टूर्नामेंट से पहले, तिरुवनंतपुरम और गुवाहाटी शहरों में अभ्यास खेल आयोजित किए जाएंगे।

# क्या एशेज 2023 के बाद रिटायरमेंट लेंगे जेम्स एंडरसन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा कि वह पांचवें एशेज टेस्ट के बाद क्रिकेट को अलविदा नहीं कहना चाहते क्योंकि अभी वह अपनी टीम को बहुत कुछ दे सकते हैं. इंग्लैंड के लिये सर्वाधिक विकेट ले चुके एंडरसन रविवार को 41 वर्ष के हो जायेंगे. उन्होंने इस एशेज सीरीज में पांच ही विकेट लिए हैं लेकिन उनका मानना है कि उन्होंने खराब गेंदबाजी नहीं की. उन्होंने बीबीसी से कहा, ''मुझे नहीं लगता कि मैने खराब गेंदबाजी की या मेरी रफ्तार कम हुई है. मुझे लगता है कि अभी भी इस टीम को बहुत कुछ दे सकता हूं.'' उन्होंने कहा, ''जहां तक संन्यास का सवाल है तो मैं जल्दी ही नहीं लेने वाला. अभी मैं बहुत कुछ दे सकता हूं. आप दुआ करते हैं कि खराब दौर बड़ी सीरीज में नहीं आये लेकिन मेरे साथ ऐसा हो रहा है . वैसे मेरे पास टीम के लिये कुछ करने का एक और मौका है. मैने आज अच्छी गेंदबाजी की और कल कुछ विकेट ले सकूंगा.'' एशेज के पांचवें टेस्ट के दूसरे दिन एंडरसन ने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन मिशेल मार्श के रूप में अपना एकमात्र विकेट लिया. उन्होंने कहा, आप प्रार्थना करते हैं कि आपकी सबसे बड़ी सीरीज के दौरान आपका खराब पैच ना आएं, लेकिन दुर्भाग्य से मेरे लिए यही स्थिति है.उन्होंने कहा, टीम के लिए कुछ करने का प्रयास करने के लिए मेरे पास अभी भी एक और पारी है. मुझे लगा कि आज मैंने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की और किसी अन्य दिन मुझे कुछ और विकेट मिल सकते थे. ऐसा लगा जैसे मैंने फॉरवर्ड डिफेंस को बहुत चुनौती दी है, जो कि मैंने अपने पूरे करियर में करने की कोशिश की है.पहले दो टेस्ट मैचों में पिचों से मदद ना मिलने पर, एंडरसन ने एजबेस्टन में केवल एक और लॉर्ड्स में दो विकेट लिए, जबकि दोनों मौकों पर इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा. हालांकि, एंडरसन हेडिंग्ले टेस्ट से नहीं खेले थे. ओवल में चल रहे पांचवें टेस्ट में, एंडरसन 1925 में जॉनी डगलस के बाद एशेज टेस्ट में इंग्लैंड के लिए गेंदबाजी की शुरुआत करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। एशेज सरीज के बाद इंग्लैंड को अब जनवरी में भारत में खेलना है और एंडरसन को उम्मीद है कि वह तब तक खेलेंगे. उन्होंने कहा, ''गेंदबाज के तीस पार करते हुए लोग पूछने लगते है कि अब कितना समय बचा है।

## हम बोलेंगे तो बोलोगे कि ...

# दुकानें बंद हों, कर्णधार जागें, तभी होगा खेलों का विकास



प्रवीण अग्रहरि

कभी खेलधानी के नाम से जानी जाने वाली संस्कारधानी से खेल प्रतियोगिताएं गायब ही हो गई हैं। एक समय था जब कबड्डी, बालीबाल ,खो –खो, बास्केटबाल, हाकी बॉक्सिंग और फुटबाल के दर्जनों क्लब हुआ करते थे।रोजाना खेल मैदानों पर प्रतियोगिताएं भी आयोजित होतीं थी । खिलाड़ी मैच जीतने के लिए जी जान लगा देते थे। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के दौरान खेल प्रेमी भी बड़ी संख्या में अपने अपने क्लबों के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए मैदानों में मौजूद रहते थे। इसमें पुलिस स्टेडियम, शिवाजी मैदान, रेलवे मैदान, राममंदिर मैदान खलासी लाइन स्कूल, पीएसएम मैदान,राइट टाउन स्टेडियम, बिलहरी मैदान, गैरिसन ग्राउण्ड में दोपहर से ही मैचों में धूम मची रहती थी। इनमें विभागीय टीमें जैसे पुलिस, आयुध निर्माणी,पीएंड टी ,रेलवे, मप्रविमं,सर्विसेज और स्थानीय क्लबों की टीमों में खिताब जीतने के लिए कड़ा संघर्ष होता था। परंतु समय बदला। विभागों ने खिलाड़ियों की भर्ती बंद हो गई । जो खिलाड़ी खेला करते थे ।उन्होंने बढ़ती उम्र के कारण खेल से नाता तोड़ लिया। अधिकांश खिलाड़ी विभागों से रिटायर हो गए। क्लब भी अब नहीं रहे। प्रतियोगिताएं बंद हो गईं। कुछेक खेलों के मैदानों में अब भी खिलाड़ी पसीना तो बहा रहे हैं पर प्रतियोगिताएं न होने के कारण उन्हे अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका ही नहीं मिलता । उनसे राज्यस्तरीय खेलों में पदक की उम्मीद करना बेमानी है। ऐसे में खेल संघों के पदाधिकारियों को नये सिरे से प्रयास करने चाहिए। जो क्लब बंद हो चुके हैं उन्हें फिर शुरू करके नये सिरे से प्रतियोगिताएं कराने की कोशिश की जाए तो कुछ बात बन सकती है। पर इसकी जहमत उठाए कौन। कई लोग ऐसे हैं जो खेलसंघों के पदाधिकारी होते हुए भी कोच की भूमिका निभाकर मैदान में खिलाड़ियों के साथ नजर आते हैं परंतु कई ऐसे हैं जो खेलों के नाम पर कमा खा रहे हैं। उन्होंने मैदानों में खेलों की बारीकियां सिखाने ने नाम पर दुकानें खोल रखीं हैं। उनकी फीस भी तगड़ी रहती है। कुछ खिलाड़ियों के परिजन पैसा देकर बच्चों को प्रशिक्षण दिला रहे हैं। क्रिकेट को छोड़ दिया जाएं तो अन्य खेलों में खर्च ही नहीं होता। फिर भी कोच शुल्क वसूल रहे हैं जो कि खिलाड़ियों के साथ नाइंसाफी ही कहीं जाएगी। इनमें कई खेलों के कथित कोच तो जगह जगह दुकानें सजाए हुए हैं। उनकी निजी स्कूलों से साठगांठ है । वे जहां बच्चों को खेलों के बारिकियां सिखाने के नाम पर अभिभावकों की जेबें काट रहे हैं। इसके विपरीत कई कोच खिलाड़ियों को अपनी जेब से किट उपलब्ध कराकर एक नजीर पेश कर रहे हैं। इसमें उनका कोई स्वार्थ नहीं होता। वे तो चाहते हैं कि खिलाड़ी या टीम बेहतर प्रदर्शन करे ताकि उनका व शहर का नाम हो।

# वेस्टइंडीज ने भारत को छह विकेट से हराया

## सीरीज में 1-1 से बराबरी की, होप की कप्तानी पारी



**बारबाडोस, एजेंसी।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला वेस्टइंडीज ने छह विकेट से जीत लिया। इसके साथ ही कैरिबियाई टीम ने तीन मैच की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। इस मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 181 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने चार विकेट खोकर 182 रन बना लिए और मैच जीत लिया। केसी कार्टी ने हार्दिक के ओवर में लगातार दो चौके लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। भारत के लिए सबसे ज्यादा 55 रन ईशान किशन के बल्ले से निकले थे। वहीं, वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड और गुदाकेश मोती ने तीन-तीन विकेट लिए थे। वेस्टइंडीज ने 182 रन का लक्ष्य 36.4 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। शाई होप ने कप्तानी पारी खेली और नाबाद 63 रन बनाए। वहीं, केसी कार्टी 48 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए शार्दुल ने तीन विकेट लिए। सीरीज का तीसरा और निर्णायक मैच मंगलवार को त्रिनिदाद में खेला जाएगा। इस मैच में भारतीय टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली नहीं थे। दोनों दिग्गजों को आराम दिया गया था और इन दोनों की गैरमौजूदगी में टीम इंडिया पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल पाई। इसी वजह से भारत को वेस्टइंडीज की उस टीम से हार का सामना करना पड़ा, जो वनडे विश्व कप के लिए क्वालिफाई भी नहीं कर पाई है और क्वालिफायर राउंड में जिम्बाब्वे और स्कॉटलैंड जैसी टीमों से हार गई थी। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान शाई होप ने नाबाद 63 और केसी कार्टी ने नाबाद 48 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 91 रन की नाबाद साझेदारी कर वेस्टइंडीज को भारत के खिलाफ पिछले 10 वनडे मैच में पहली जीत दिलाई।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व कप 2023 मैचों की टिकट पर जय शाह का बड़ा ऐलान, इस दिन शुरू होगी टिकटों की बिक्री भारत की पुरुष और भारत की महिला क्रिकेट टीम दोनों एशियाई खेल क्रिकेट में खेलेंगी, क्योंकि बीसीसीआई ने पिछले दो सीजन को छोड़ने के बाद आखिरकार मंजूरी दे दी है. हालांकि, बीसीसीआई ने अभी तक इस पर फैसला नहीं लिया है कि टीमें एशियाई खेल गांव में रहेंगी या नहीं. हालांकि कुछ लोग कह सकते हैं कि यह तरजीही व्यवहार है, टीमें पहले मैच से एक हफ्ते पहले तक हांगझू नहीं पहुंचेंगी.

# खेल गांव में नहीं, 5-स्टार होटल में रुकेगी रुतुराज गायकवाड़, हरमनप्रीत कौर की टीम इंडिया



रुतुराज गायकवाड़ और हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम आगामी एशियाई खेलों 2023 के दौरान खेल गांव में रहने के बजाय हांग्जो में पांच सितारा होटल में रुक सकती है. इससे पहले 1998 के राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भी भारतीय टीम ने खेल गांव में ना रहने का विकल्प चुना था. एशियन गेम्स में सीधे क्वॉर्टर फाइनल खेलेंगी भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीम, जानिए कैसे

पुरुष टीम के लिए, एशियाई खेल क्रिकेट क्वार्टर फाइनल में अफगानिस्तान या बांग्लादेश के खिलाफ 5 अक्टूबर से शुरू होगा. आईसीसी रैंकिंग के आधार पर भारत क्वार्टर फाइनल में शुरुआत करेगा. चूंकि पुरुषों के टूर्नामेंट में 18 टीमें शामिल हैं, इसलिए क्वार्टर फाइनल से पहले पूरे दो हफ्ते लगेंगे. यही कारण है कि भारतीय टीम देरी से रवाना होगी.

बीसीसीआई ने इनसाइडस्पोर्ट्स से बातचीत में बताया, अभी तक इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है कि टीमें खेल गांव में रुकेंगी या नहीं. आने वाले दिनों में पता चलेगा. हम यात्रा पर आईओए के साथ बातचीत कर रहे हैं और लॉजिस्टिक्स जैसी हर चीज आईओए के अधीन होगी. जहां तक बात है कि टीमें पांच सितारा सुविधा में रहेंगी या खेल गांव में, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि अभ्यास स्थल कितनी दूर है और क्रिकेटरों के लिए किस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं.

पुरुषों का आयोजन 28 सितंबर को शुरू होगा और फाइनल 7 अक्टूबर को होगा. यह विश्व कप 2023 से टकराएगा जो 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में शुरू होगा. यह पहली बार है कि भारत एशियाई खेलों में क्रिकेट खेलेगा. बीसीसीआई ने 2010 और 2014 सीजन में टीमें भेजने से इनकार कर दिया था.

रुतुराज गायकवाड़ एंड कंपनी 5 अक्टूबर (क्वार्टरफाइनल), 6 अक्टूबर (सेमीफाइनल) और 7 अक्टूबर (फाइनल) को खेलेगी. जहां तक महिला टीम का सवाल है, शेड्यूल अभी जारी नहीं हुआ है. हालांकि, संभावना है कि एशियाई खेल 2023 के लिए पुरुष और महिला दोनों टीमें एक साथ यात्रा करेंगी.

## रंग संसार

# जब कियारा आडवाणी ने शादी से पहले जताई थी प्रेग्नेंट होने की इच्छा बोलीं बेबी का जेंडर कुछ भी हो



**मुंबई, एजेंसी।** कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक हैं. दोनों ने कुछ सालों की सीक्रेट डेटिंग के बाद 7 फरवरी 2023 को राजस्थान के जैसलमेर में ग्रैंड वेडिंग की थी. ये कपल आए दिन साथ में स्पॉट होता रहता है. सिड और कियारा ने के बीच की केमिस्ट्री उनकी फिल्म 'शेरशाह' की शूटिंग के दौरान शुरू हुई थी. शादी के बाद से ही कपल के फैंस 'गुड न्यूज' का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि कियारा ने शादी से पहले ही प्रेग्नेंट होने की इच्छा जताई थी.

## आखिर क्या मां बनना चाहती थी कियारा

दरअसल सालों पहले आई फिल्म 'गुड न्यूज' के प्रमोशन के दौरान मीडिया इंटरेक्शन में कियारा आडवाणी ने प्रेग्नेंट होने की इच्छा व्यक्त की थी. कियारा आडवाणी ने बताया था कि वह केवल इसलिए प्रेग्नेंट होना चाहती थीं, ताकि वह जो चाहें, उसे खा सकें. कियारा ने कहा था, 'मैं केवल इसलिए प्रेग्नेंट होना चाहती हूं, ताकि मैं जो चाहूं खा सकूं और स्वतंत्र रहूं'. इसी इंटरव्यू में एक्ट्रेस से पूछा गया था कि क्या वह जुड़वा बच्चे चाहती हैं? इस पर कियारा ने कहा था कि वह सिर्फ स्वस्थ बच्चे चाहती हैं.कियारा ने एक बेटा और एक बेटी की मां बनने की भी इच्छा जताई थी.

## जब सासू मां को किया KISS

दरअसल, बीते दिन यानी मंगलवार को कियारा आडवाणी ने इंडिया कॉटर वीक में डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पिकॉक के लिए रैंप वॉक किया था. इसके लिए एक्ट्रेस ने पिंक कलर का थाई हाई स्लिट लहंगा पहना था, जिसमें वो बेहद खूबसूरत लग रही थीं. वहीं, रैंप वॉक करते हुए कियारा ने कुछ ऐसा किया कि एक्ट्रेस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. बता दें कि जब कियारा आडवाणी रैंपवॉक कर रही थी तो एक्ट्रेस ने अपनी सासू मां को फ्लाइंग किस दिया. इतना ही नहीं बल्कि उनकी सासू मां भी उन्हें किस देती नदर आई

## इन फिल्मों में आएंगी नजर

वहीं, कियारा आडवाणी की आने वाली फिल्मों की बात करें तो 'सत्यप्रेम की कथा' के बाद उनके पास कई और प्रोजेक्ट्स हैं. फिलहाल वह अपने बर्थडे पर पति सिद्धार्थ के साथ क्वालिटी टाइम बिता रही हैं. एक्ट्रेस का जन्मदिन 31 जुलाई को है. कियारा आडवाणी का साउथ सुपरस्टार राम चरण के साथ 'गेम चेंजर' है. वहीं, ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ 'वॉर 2' भी पाइपलाइन में है.

## शबाना आज़मी के साथ धर्मेंद का लिप लॉक! चद्दहृह्य ने सोशल मीडिया पर मचाया हंगामा

**मुंबई, एजेंसी।** रणवीर सिंह और आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' इस वक्त चर्चा का विषय बनी हुई है. इस फिल्म से बॉक्स ऑफिस को और साथ ही करण जौहर को कई सारी उम्मीदें हैं. ऐसे में इसी बीच फिल्म से जुड़े कुछ सीन को लेकर जमकर बावल हो रहा है और ये सीन लीड एक्टर रणवीर सिंह और आलिया का नहीं है बल्कि धर्मेंद्र और शबाना आज़मी का है. दरअसल धर्मेंद्र और शबाना आजमी के बीच एक इंटीमेट सीन काफी चर्चा में है. ऐसे में आइए जानते हैं क्या है वो सीन और फेंस क्यों हो रहे हैं।

# शारिब हाशमी का सपना पूरा करने के लिए पत्नी ने बेच दिए थे अपने गहने, दो वक्त की रोटी के लिए बेचना पड़ा घर



**मुंबई, एजेंसी।** एक्टर, राइटर, निर्माता और निर्देशक शारिब हाशमी ओटीटी इंडस्ट्री का बड़ा नाम बन चुके हैं. उनके बिना अब कोई भी वेब सीरीज अधूरी सी लगती है. हाल ही में अपनी फिल्म 'तरला' से सुर्खियों में आए शारिब हाशमी ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उनकी पत्नी को अपने गहने बेचने पड़े थे. उन्होंने बताया कि अपने पहले प्रोजेक्ट का ऑफर पाने के लिए उन्हें तीन साल तक ऑडिशन देना पड़ा था. इस दौरान उनका परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा था, ऐसे में एक्टर की पत्नी ने पैसों का इंतजाम करने के लिए अपने गहने बेच दिए. इतना ही नहीं शारिब हाशमी के मुश्किल दिनों में गुजारा करने के लिए उन्हें अपना घर तक बेचना पड़ा था. जब कियारा आडवाणी ने शादी से पहले जताई थी पत्नी ने बेच दिए अपने गहने और घर दैनिक भास्कर को दिए इंटरव्यू में एक्टर शारिब हाशमी ने अपने स्ट्रगल के दिनों का खुलासा किया है. शारिब के मुताबिक, 2003 में उनकी शादी हुई और 2009 में उन्होंने फिल्मों में अपनी किस्मत आजमाने के लिए एमटीवी में इन-हाउस राइटर की नौकरी छोड़ने का फैसला किया. उन्होंने बताया कि जब उन्हें धोबी घाट में एक रोल के लिए रिजेक्ट कर दिया गया, तो उस समय उनके पास कोई नौकरी नहीं थी. हालांकि फिर भी उन्होंने कोशिश जारी रखी और तय कर लिया कि वो फिल्मों में जरूर काम करेंगे.

**दो वक्त की रोटी का भी इंतजाम करना था मुश्किल**–शारिब हाशमी कहते हैं, 'नौकरी छोड़ने के बाद मैंने केवल ऑडिशन देना था, मुझ पर मेरी पत्नी और हमारे बच्चे की जिम्मेदारियाँ भी थीं. मेरी बचत खत्म होने लगी और मैंने दोस्तों से कर्ज मांगना शुरू कर दिया. मुझे नहीं लगता कि एक भी दोस्त ऐसा था जिससे मैंने पैसे के लिए संपर्क न किया हो. संघर्ष भरे उस दौर में मेरी पत्नी ने मेरा बहुत साथ दिया. उसने अपने गहने बेच दिए ताकि हम घर में दो वक्त की रोटी का इंतजाम कर सकें. हमने अपना गुजारा चलाने के लिए अपना घर भी बेच दिया. समय के साथ मेरी उम्मीद भी जवाब देने लगी थी, एक टाइम था जब मुझे ये लगने लगा था कि अपने परिवार के लिए खाने का इंतजाम कैसे करूंगा'.

एक्टर ने आगे कहा, मेरे ऑडिशन देने का दौर तीन साल तक चला और फिर मैंने फिर से नौकरी करने का फैसला किया. मैंने सोनी टीवी के साथ काम करना शुरू किया और उनके शो के लिए एंकरों के लिए स्क्रिप्ट लिखी. मैंने मेहरूनी नामक एक शॉर्ट फिल्म में काम किया।

# 100 मिलियन व्यूज के साथ धमाल मचा रहा सुपरस्टार रितेश पांडे का गाना आईल बारू नाचे शहर सासाराम

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सुपरस्टार रितेश पांडे का जलवा भोजपुरी म्यूजिक लवर्स पर खूब देखने को मिलता है.उनके सभी गाने रिलीज के साथ वायरल होने लगते हैं.आज हम उनके एक ऐसे ही गाने के बारे में बता रहे हैं जिसने 100 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है.इस गाने में रितेश पांडे ने शिल्पी राज के साथ मिलकर आवाज दी है जो बेहद कर्णप्रिय और सुरीला है.गाने के लिरिक्स में शानदार है इस वजह से गाना आईल बारू नाचे शहर सासाराम का व्यूज काफी बढ़ रहा है.



शारिब हाशमी का सपना पूरा करने के लिए पत्नी ने बेच दिए थे अपने गहने, दो वक्त की रोटी के लिए बेचना पड़ा घर वही गाने को मिली सफलता को लेकर रितेश पांडे गदगद हैं और उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि हमारा यह गाना इतना बड़ा और चार्टबस्टर हो जाएगा.इसके लिए मैं सुधि भोजपुरी के दर्शकों को प्रणाम करता हूं कि आपके प्यार और आशीर्वाद ने इस गाने को बहुत बड़ा बनाया है.मैं आपसे आग्रह करूंगा कि अभी 100 मिलियन पार हुए हैं.आप ही ने और भी प्यार और आशीर्वाद दें.उन्होंने बताया कि गाना आईल बारू नाचे शहर सासाराम÷ मस्ती और धमाल वाला गाना है. बता दें कि गाना ÷आईल बारू नाचे शहर सासाराम÷ को रितेश पांडे और शिल्पी राज ने मिलकर गाया है.यह गाना रिद्धि म्यूजिक वर्ल्ड के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ था.इस खूबसूरत गाने के गीतकार मनजीत मीत है जबकि संगीतकार एडीआर आनंद है.वीडियो डायरेक्टर रवि पंडित हैं.डीओपी रंजीत सिंह है और एडिटर दीपक पंडित है.पी आर ओ रंजन सिन्हा हैं.






# सीएम की सभा में आत्मदाह की चेतावनी देना महंगा पड़ा बिलहरी के पूर्व उपसरपंच को

## सहकारिता विभाग के अधिकारी व समिति प्रबंधक की शिकायत पर दो अलग-अलग मामले दर्ज

### पुलिस अभिरक्षा में होने के बावजूद गाली गलौज कैसे कर लिया विनोद ने

**कटनी, यशभारत।** रीठी तहसील के बड़गांव में गुरूवार को आयोजित सभा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने आत्मदाह की चेतावनी देना बिलहरी के पूर्व सरपंच विनोद शंकर शर्मा को महंगा पड़ गया। पुलिस ने सहकारिता विभाग के प्रशासनिक अधिकारी एच.एल.प्रजापति एवं समिति प्रबंधक देवेन्द्र गर्ग की शिकायत पर ऐसे समय में दो अलग-अलग एफआइआर दर्ज की है, जब वो पुलिस अभिरक्षा में था। 26 जुलाई को लगभग 11 बजे रीठी थाना व कुठला थाना की बिलहरी पुलिस चौकी में दर्ज किए गए हैं। रीठी वाले मामले में रीठी के समीप व बिलहरी पुलिस चौकी में बिलहरी के चौधरी मोहल्ले से सटी नहर के पास रोककर गाली गलौज करना बताया गया है। गौरतलब है कि बिलहरी के पूर्व सरपंच विनोद शंकर शर्मा ने मनरेगा और पीएम आवास योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए गुरुवार को रीठी तहसील के बड़गांव में विकास पर्व को लेकर आयोजित होने वाली मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सभा के एक दिन पूर्व सीएम के सामने आत्मदाह की चेतावनी दी थी। पुलिस ने विनोद शंकर शर्मा की इस चेतावनी को गंभीरता से लिया और सभा के एक दिन पहले उसे आगमन के पहले ही पुलिस ने आत्मदाह की घोषणा करने वाले बिलहरी के पूर्व सरपंच विनोद शंकर शर्मा को हिरासत में ले लिया था। 25 जुलाई की रात सिहोरा पुलिस व बिलहरी चौकी पुलिस ने ससुराल दर्शनी से विनोद शंकर शर्मा को हिरासत में लिया और फिर वह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सभा होने तक पुलिस अभिरक्षा में ही रहा। विनोद शंकर शर्मा ने मंगलवार की रात एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी करते हुए कहा था कि रीठी जनपद के सीईओ के पत्र अनुसार ग्राम पंचायत बिलहरी के तत्कालीन एडीओ पूरनलाल सोनी, रोजगार सहायक रामरतन यादव को दोषी पाया गया था लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। इसके अलावा एक अन्य मामले में आदेश के बावजूद उसे सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी नहीं दी गई। जिसको लेकर विनोद ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में आत्मदाह की चेतावनी दी थी।



अब विनोद शंकर शर्मा का आरोप है कि बिलहरी पुलिस ने उसे व एक अन्य को हिरासत में लिया और जेल भेज दिया। विनोद का यह भी आरोप है कि बिलहरी चौकी प्रभारी अरुणपाल सिंह द्वारा 26 जुलाई को संबंधित के खिलाफ कुठला थाना लाकर कागजी कार्यवाही करते हुए एसडीएम कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया जबकि 25 की रात से ही पुलिस अभिरक्षा में रखा गया था। इस पूरे मामले को गौर से देखने पर प्रदेश में राजनेता- पुलिस सांठगांठ की पोल खुल गई है। अगर विनोद शंकर शर्मा पुलिस अभिरिक्षा में था तो गाली गलौज का मामला कैसे बना। विनोद का आरोप है कि सत्ता पक्ष के एक जनप्रतिनिधि सहित जिले प्रशासन के दबाव में फर्जी 151 का मामला दर्ज कर उसे जेल भेजा गया जबकि उसे बिलहरी और सिहोरा पुलिस ने 25 जुलाई की रात ही ससुराल से उठाकर पुलिस अभिरक्षा में ले लिया था। अब सवाल यह उठता है कि जब विनोद पुलिस अभिरक्षा में थे तो फरियादियों से वाद विवाद कैसे कर सकता है। अब पीड़ित विनोद शंकर शर्मा ने आरटीआई लगाकर जानकारी चाही है कि किस अपराध व कैसी शिकायत पर मुझे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अपराध भी ऐसा की 28 जुलाई को शाम जब जमानत होती है तो साल्वेंसी अनिवार्य रखी गई साल्वेंसी वकील के मध्य प्रस्तुत की गई तब कही जमानत हुई।

#### इनका कहना है

आत्मदाह की चेतावनी देने वाले बिलहरी के पूर्व उपसरपंच विनोद शंकर शर्मा की शिकायतों की कलेक्टर द्वारा जांच कराकर कार्रवाई कराई जा रही थी। इसके बावजूद उसने सीएम की सभा में आत्मदाह की चेतावनी संबंधी वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया, जो गैरकानूनी है। उसके विरूद्ध किस तरह के मामले दर्ज हुए, इसकी जानकारी लेकर ही मैं कुछ कह सकता हूं।

– **अभिजीत रंजन,** पुलिस अधीक्षक

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायत बंद न कराने पर पुलिस ने वृद्धा को पीटा

### रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम तिघराखुर्द की घटना, घायल महिला जिला अस्पताल में भर्ती

**कटनी, यशभारत।** रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम तिघराखुर्द में पुलिस पर एक वृद्धा के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। मारपीट में घायल वृद्धा को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल में भर्ती 70 वर्षीय गुलाब बाई ने मीडिया को बताया कि उनका परिवार का जमीनी विवाद चल रहा है। लगातार शिकायत करने के बाद भी जब कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 में शिकायत दर्ज कराई थी। गुलाब बाई का आरोप है कि 26 जुलाई को रीठी थाना से पुलिसकर्मी घर आए थे। शिकायत बंद करने का दबाव बनाने लगे लेकिन हमनें मना कर दिया। अगले दिन फिर पुलिसकर्मी और मारपीट शुरू कर दी। महिला की बहू क्षमा पटेल ने बताया कि पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ महिला जवान भी थी, जिसने जमकर मारपीट की और वृद्धा घायल हो गई। इस मामले में रीठी थाना प्रभारी पूजा मिश्रा का कहना है कि राजस्व संबंधी प्रकरण था। परिवार ने सीएम के सामने आत्मदाह किए जाने की धमकी दी थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर परिवार को आत्मदाह न करने की समझाइश दी गई थी। मारपीट के आरोप निराधार है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद में बाइक सवार युवक अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल हो गया। गंभीर हालत में परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मटवारा निवासी 40 वर्षीय प्रमोद उर्फ वृंदावन विश्वकर्मा पिता हिमांचल विश्वकर्मा की स्लीमनाबाद में वेल्डिंग की दुकान है और उसने वहीं पर मकान बना लिया है। गुरूवार की रात को दुकान का काम समाप्त करके प्रमोद मोटर सायकल से घर लौट रहा था। मुख्य मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और भाग निकला। परिजनों उसे लेकर स्लीमनाबाद अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### श्मशान घाट में नदी किनारे चल रहा था जुआफड़

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र की झिंझरी चौकी पुलिस ने ग्राम गुलवारा में दबिश देकर श्मशान घाट के पास नदी किनारे चल रहे जुआफड़ में दबिश दी है। जुआरियों को गिरफ्तार करते हुए रुपए व तासपत्ते जप्त किए हैं। पुलिस चौकी झिंझरी प्रभारी उपनिरीक्षक महेन्द्र जायसवाल ने बताया कि प्रधान आरक्षक राजेश सिंह, आरक्षक जज कुमार के साथ रोड पेट्रोलिंग व अपराध पतारसी के लिए चौकी क्षेत्र रवाना हुआ था। मुखबिर की सूचना पर ग्राम गुलवारा में श्मसान घाट नदी किनारे चल रहे जुआंफड़ पर दबिश दी। यहां से मनीष हल्दकार, दिलीप राय, राम कुमार हल्दकार सभी निवासी ग्राम गुलवारा को जुआ खलते पकड़ा। जुआरियों के पास से 675 रुपए नगद जप्त करते हुए कार्रवाई की गई है।

# बैंक खाते में नंबर बदलकर वृद्ध के साथ साढ़े 9 लाख की ठगी

### यूपीआइ के माध्यम से की गई धोखाधड़ी

**कटनी, यशभारत। माधवनगर थाना अंतर्गत झिंझरी में एक वृद्ध के साथ साढ़े नौ लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया हैं। अज्ञात बदमाश ने यूपीआइ लेकर धोखाधड़ी की है। पीड़ित वृद्ध की शिकायत पर मोबाइल धारक के खिलाफ पुलिस ने धारा 403, 420, 66 (सी) आइटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।**

जानकारी के अनुसार 26 जून से लेकर 18 जुलाई के बीच ग्राम झिंझरी निवासी 79 वर्षीय देवेन्द्र कुमार गुप्ता पिता जगदीश चन्द्र गुप्ता के साथ एक युवक ने फोन के माध्यम से यूपीआइ लेकर बैंक खाता 9 लाख 36 हजार रुपए गायब कर दिए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। चौकी प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि दिल्ली का एक युवक बैंक में है, जिसने खाता खारक के बैंक में लिंक मोबाइल नंबर को बदलवा लिया गया। इसके बाद ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से ठगी की है जबकि खाताधारक ने अपना नंबर नहीं बदला। पुलिस ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है। मामले की जांच के लिए टीम को दिल्ली रवाना किया जा रहा है।

# ठगी के आरोपियों को नोयडा से गिरफ्तार कर कटनी लाई पुलिस

### पेट्रोल पंप खुलवाने के नाम पर शक्कर कारोबारी से हुई है 2.14 करोड़ की धोखाधड़ी





**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के सराफा बाजार क्षेत्र निवासी शक्कर कारोबारी से पेट्रोल पंप खुलवाने के नाम पर की गई 2.14 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने मास्टरमाइंड दंपत्ति को दिल्ली के नोयडा से गिरफ्तार कर कटनी ले आई है। अंतर्राज्जीय गिरोह में महिला व पुरुष शामिल थे जो फोन कॉल, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे थे। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि सराफा बाजार निवासी मनोज कुमार कस्तवार के साथ आदित्य बिड़ला ग्रुप का एजेंट होना बताकर 2020 से अभी तक अलग-अलग बैंक खातों में कुल 2 करोड़ 14 लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने इस मामले में एफआइआर दर्ज करते हुए तलाश शुरू की। पूर्व में इस मामले में गिरोह में शामिल हेमताज आलम पश्चिमी चम्पारण (बिहार) व उसकी पत्नी रिहाना गढ़ोली को गिरफ्तार किया गया था जो पुलिस रिमांड में है। मामले के अन्य फरार आरोपियो की तलाश जारी थी। फरार आरोपी व मास्टर माइंड अनुराग उपाध्याय जो खुद को गौरव शर्मा बताकर आवेदक से बात किया करता था। व उसकी पत्नी शालू उपाध्याय जो खुद को अंजली शर्मा, मधु तथा अन्य दूसरे नाम बताकर आवेदक मनोज कस्तवार बात किया करती थी, जिनको हिरासत में लिया। पूछताछ के लिए कटनी लाया गया। आरोपियो से पूछताछ में आवेदक मनोज कस्तवार निवासी से पेट्रोल पंप खुलवाने के नाम पर पैसे लेना बताए एवं प्राप्त रकम से नोयडा में प्लाट एवं लग्जरी कार खरीदना बताया। बैंक संबंधित दस्तावेज व नगदी अपने निज निवास दिल्ली में रखना बताया है। आरोपियो के पास से एक कार, लेपटॉप, मोबाइल जप्त किए गए हैं। आरोपियों को न्यायालय से 7 दिन का पुलिस रिमांड में लेकर रकम की बरामदगी एवं अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास में जुट गई है।

**मामले का मास्टर माइंड पत्नी के साथ मिलकर करता था ऑनलाइन ठगी**

## आम सूचना

### मधुर महादेव वेयरहाउस का बीमा क्लेम मिलेगा

सभी किसान एवं व्यापारी बंधुओं को सूचित किया जाता है कि 3 अगस्त 2023 दिन गुरुवार को प्रातः 11:00 बजे इफको टोकियो बीमा कंपनी के अधिकारी इंदौर से कटनी आ रहे हैं। इसलिए मधुर महादेव वेयर हाऊस में अनाज रखने वाले सभी किसान व व्यापारी बंधु से अपील की जाती है कि जिन किसान व व्यापारी बंधुओं के पास वेयर हाऊस में अनाज से संबंधित पर्ची है, उसे कुठला थाना कटनी मध्य प्रदेश में जमा करने की दया करें। माल कम है या नहीं है, सभी प्रकार के किसान व्यापारी बंधु अपनी पर्ची जमा करें। जिनके माल में कोई शिकायत है वो सभी किसान व व्यापारी बंधुओं को यह सूचित किया जाता है कि 3 अगस्त 2023 के बाद मधुर महादेव वेयरहाउस की किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं रहेगी। सभी से अपील व प्रार्थना है अपनी पर्ची अतिशीघ्र कुठला थाना में जमा करें एवं पर्ची की फोटोकॉपी मधुर महादेव वेयरहाउस में जमा करें। जिसमें बीमा कंपनी को क्लेम किया जा सके। जिनका मेरे पास मोबाइल नंबर है उन्हें मैं व्हाट्सएप भी कर दूंगा जो व्यापारी किसान 3 अगस्त को नहीं आएंगे, उनको अपना क्लेम इंदौर में करना पड़ेगा।

पार्टनर

**प्रेम शंकर राय**

मधुर महादेव महादेव वेयर हाउस
रीठी रोड, कटनी (मध्य प्रदेश)


**मकान किराए पर देना है**

पुरानी बस्ती में डॉ एसके शर्मा के सामने सम्राट गली, कटनी में स्थित मकान किराए पर देना है। चार कमरे, किचन, लैट बाथ सहित सर्व सुविधायुक्त। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। मो. 9425362893

**आवश्यकता है**

अग्रणी एवं प्रतिष्ठित FMCG कंपनी को कटनी में (नमकीन एवं बेवरेज) डिवीजन हेतु **सुपर स्टॉकिस्ट** की आवश्यकता है। इन्वेस्टमेंट के साथ ही गोदाम में स्टॉक करने की एवं वितरण हेतु ट्रांसपोर्ट सुविधा होना आवश्यक। कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति ही संपर्क करें
मो. 9752018021

**NOBLE HEART PUBLIC ENGISH MED. HIGHER SEC. SCHOOL**

NURSERY, KG-I, KG-II TO 12TH CLASS

ADMISSION OPEN



10TH CLASS TOPPER 96%
कटनी जिले की मैरिट में तृतीय स्थान
VASHISHSHTH GURU

12TH CLASS TOPPER 92%
ANUSHKA DWIVEDI



NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI Mob. 7869484013, 7389678892

**डॉ. कनिका अग्रवाल**

M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)

पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई

चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ

**देवपद** स्किन एवं हेयर क्लीनिक

मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।

महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

**आवश्यकता है**

ग्रेनाइट टाइल्स की दुकान में सेल्स कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता दी जावेगी, वेतन 7000 प्लस इंसेंटिव।
संपर्क करें- शकुंतला ग्रेनाइट एंड टाइल्स जबलपुर रोड, कटनी मो. 9009767272

**JOB OPENING**

Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207





**शिकागो पब्लिक स्कूल**

इंग्लिश मीडियम नर्सरी से बारहवीं तक सभी विषय आर्ट्स, कॉमर्स व साइंस

आपके बच्चे एवं आपके स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला

शाला के सफलतम 25 वर्ष

भूलना भूल जाओगे

मेमोरी साइंस इंडिया की मेमोरी क्लासेज शाला के बच्चों को निःशुल्क

प्रवेश प्रारंभ

स्कूल की पढ़ाई कैसी हो, एक शिक्षक से बेहतर कोई नही जानता

पता:- मानसरोवर कॉलोनी माधवनगर कटनी मो. 9229119885

माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से संबद्ध 9893499886

Discount @40%

**ICMT COMPUTER INSTITUTE**

DCA | TALLY | COMPUTER | SPOKEN ENGLISH
PGDCA | CPCT | HARDWARE COURSE | Competition Coaching

रामेश्वरम कैंपस विश्राम बाबा के पास दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने जबलपुर रोड कटनी

**डॉ. निशा श्रीवास्तव**

एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट

Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ

नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज

इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर

पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003, Email:-nisha.drent@gmail.com



डॉ.दीपक सक्सेना



डॉ.शोभना सक्सेना

**SHRI HOSPITAL KATNI**



विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ

डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ

संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

naturals
India's No.1 hair and beauty salon





@ City Mall Katni, 2nd Floor,Barhi Road, Near Main Railway Station, Katni M.P. - 483 501
Mobile : 9343609476



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं प्लाट नं.1 योजना क्रं.6 नगर सुधार न्यास कॉलोनी, महाराणा प्रताप वार्ड, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*, सम्पादक अम्बरीश तिवारी, सलाहकार संपादक श्याम कटारे। फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)